वर्ष 10 अंक 200
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
29 अप्रैल 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 आप बड़े राजमार्ग बना रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में ...
06 पहलगाम हमले पर अमेरिकी रुख का मतलब: ऋषभदेव शर्मा
11 टी20 क्रिकेट में साझेदारियों का महत्व भूल रहे हैं लोग: कोहली




"हर दिन एक नया सूरज है, एक नई शुरुआत है, इसे व्यर्थ न जाने दो।"



Saurabh Shivhare

Saurabh_5519

# भारत-फ्रांस ने 26 राफेल विमानों की खरीद के लिये अंतरसरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत और फ्रांस ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए लगभग 64,000 करोड़ रुपये की लागत से राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैनिक संस्करण खरीदने के वास्ते एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते में राफेल विमान के ढांचे के लिए उत्पादन सुविधा स्थापित करने के साथ-साथ भारत में विमान के इंजन, सेंसर और हथियारों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग सुविधाओं की स्थापना का प्रावधान है।

बयान में कहा गया कि इस समझौते से भारत में स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में भी मदद मिलेगी।

इन विमानों की आपूर्ति 2030 तक पूरी हो जाएगी, जिसके चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। फ्रांस की कंपनी दसॉ एविएशन द्वारा निर्मित, राफेल-मरीन लड़ाकू विमान समुद्री क्षेत्र में पूर्ण रूप से संचालन में सक्षम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) द्वारा खरीद को मंजूरी दिए जाने के तीन सप्ताह बाद इस बड़े सौदे पर मुहर लगी।



संदर्भ शर्तों के अनुसार, अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के लगभग पांच वर्ष बाद जेट विमानों की आपूर्ति शुरू होनी होगी।

जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने कई दौर के विचार-विमर्श और मूल्यांकन परीक्षणों के बाद इस बड़े अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक मंजूरी दे दी थी।

इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को राफेल (मरीन) लड़ाकू विमानों के निर्माता दसॉ एविएशन से हथियार प्रणाली और कलपुर्जे सहित संबंधित सहायक उपकरण भी मिलेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राफेल-मरीन और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा संचालित राफेल में समानताएं हैं।

उसने एक बयान में कहा, ''राफेल-मरीन की खरीद से भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना दोनों के लिए विमान प्रशिक्षण और रक्षा सामग्री को अनुकूलित करने के साथ-साथ संयुक्त परिचालन क्षमता में भी काफी वृद्धि होगी।''

इसमें कहा गया, ''इन विमानों के शामिल होने से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोतों की मारक क्षमता में काफी वृद्धि होगी।''

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू ने अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत और फ्रांस के अधिकारियों ने समझौते, विमान पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल और हथियार पैकेज आपूर्ति प्रोटोकॉल की हस्ताक्षरित प्रतियों का आदान-प्रदान किया।

# दिल्ली में 'वय वंदना योजना' के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10 लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली सरकार ने सोमवार को 'आयुष्मान वय वंदना' योजना की शुरुआत की, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में लाभार्थियों को पहला 'वय वंदना कार्ड' वितरित किया। इस योजना के तहत सालाना पांच लाख रुपये की चिकित्सा सहायता निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, दिल्ली सरकार की योजना के तहत पांच लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा जिससे कुल स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़कर 10 लाख रुपये हो जाएगा।

गुप्ता ने कहा, ''यह 'ट्रिपल इंजन मॉडल' के तहत अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है और मैं प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी को इस स्वास्थ्य योजना के साथ हमारे बुजुर्गों का सम्मान करने के लिए धन्यवाद देती हूं।'' उन्होंने कहा, ''अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं होगा, इस योजना से हर किसी को लाभ मिलेगा, चाहे उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो।'' उन्होंने कहा कि पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है और एकमात्र मानदंड यह है कि आपको दिल्ली का नागरिक होना चाहिए और आपके पास आधार कार्ड होना चाहिए।



आप आज से नामांकन कर सकते हैं।''

दिल्ली के 100 से अधिक अस्पताल इस योजना में शामिल हैं और 30,000 से अधिक 'कैशलेस' (नकद रहित) उपचार के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए गुप्ता ने कहा, ''पिछली सरकार ने अहंकार और राजनीतिक कारणों से दिल्ली में इस योजना को सात साल तक टालकर अन्याय किया।''

गुप्ता ने कहा, ''अब, हम तीन सरकारों (केंद्र में, केंद्र शासित प्रदेश में, नगर निगम में भाजपा के सत्ता में होने की इशारा करते हुए) के साथ मिलकर दिल्ली में बदलाव लाने का वादा करते हैं। दिल्ली और अधिक सुंदर, शिक्षित और विकसित बनेगी। इस योजना का लाभ सभी को मिलेगा। हम साथ मिलकर काम करेंगे और यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। बहानेबाजी अब काम नहीं आएगी, हम वह विकास करेंगे जिसकी दिल्ली हकदार है।''

स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि यह दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए एक ऐतिहासिक कदम है और सरकार इसके स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। सिंह ने कहा, ''यह योजना 'पोर्टेबल' है और कोई भी दिल्ली निवासी, चाहे वह राष्ट्रीय राजधानी से बाहर का ही क्यों न हो, इसमें नामांकन करा सकता है। इसमें कीमोथेरेपी, आईसीयू देखभाल, सर्जरी और 961 अन्य चिकित्सा उपचार भी शामिल हैं।''

'वय वंदना योजना' के तहत प्रत्येक पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक को एक विशिष्ट स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाएगा। इस कार्ड में उनका पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड, नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी और आपातकालीन सेवा का विवरण सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा।




# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 71 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुजुकी मोटर के पूर्व प्रमुख दिवंगत ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध गायक दिवंगत पंकज उधास और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी समेत 71 प्रमुख हस्तियों को सोमवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - के लिए नामित किया गया था।

इनमें से 71 को सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में ये पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि शेष को शीघ्र ही एक अलग समारोह में ये अलंकरण प्रदान किए जाएंगे।

वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्देशक शेखर कपूर, एशियन इंस्टीट्यूट



ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डी. नागेश्वर रेड्डी, वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण, जिन्हें बलैया के नाम से भी जाना जाता है, अन्य प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार पाने वालों में चार को पद्म विभूषण मिला - सुजुकी (मरणोपरांत), सुब्रमण्यम, रेड्डी और मलयालम लेखक एवं फिल्म निर्देशक एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत)।

कुल 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनमें पंकज उधास (मरणोपरांत), सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), बालकृष्ण कपूर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश, तमिल अभिनेता एस. अजित कुमार, जाइडस लाइफसाइंसेज के चेयरपर्सन पंकज पटेल और भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर विनोद धाम शामिल हैं, जिन्हें 'पेंटियम के जनक' के रूप में जाना जाता है।--

## जम्मू कश्मीर के हालात से प्रधानमंत्री को अवगत कराएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ

नयी दिल्ली, (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जम्मू कश्मीर के सुरक्षा हालात से अवगत कराने वाले हैं।

यह मुलाकात ऐसे समय में होगी जब भारत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में शामिल लोगों को सजा देने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इन हमलों में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

भारत ने इस भयावह हमले की 'सीमापार कड़ियों' का हवाला देते हुए कहा है कि हमलों में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। हालांकि, राजनाथ सिंह की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक वक्तव्य नहीं आया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों और इसकी साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का पुनः आश्वासन देते हुए रविवार को कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा।

# पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में नहीं आने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पर न निशाना साधा खरगे ने

**जयपुर**, (भाषा) कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश की बदकस्मिती है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में वह शामिल नहीं हुए।

खरगे आज यहां 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कि यह हमारे देश की बदकिस्मती है कि बैठक में सभी पार्टी के लोग आए लेकिन (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी नहीं आए। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा, ''देश के स्वाभिमान को जब धक्का लगा तो आप बिहार में चुनावी भाषण करते रहे लेकिन आप दिल्ली नहीं आ सके। क्या आपके लिए दिल्ली दूर है बिहार से? बात तो बड़ी बड़ी करते हैं... छप्पन इंच की छाती... मैं लडूंगा... घर में घुसूंगा... कम से उस दिन



बिहार से आकर हमारी बैठक में बैठते तो सबको मालूम होता कि आपकी योजना क्या है... आप क्या करने वाले हैं... हमसे क्या मदद चाहते हैं?''

खरगे ने कहा, ''ऐसा भाजपा का और प्रधानमंत्री का रवैया है।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''सबसे ऊपर देश है, उसके बाद पार्टी और धर्म होगा। देश के लिए सब लोगों को एकजुट होना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि इस देश में सबसे श्रेष्ठ संविधान है जिसके तहत ही हमारा लोकतंत्र चलता है।

उन्होंने कहा, ''मोदी ने महंगाई और बेरोजगारी दी। इनकी छप्पन इंच की छाती सिकुड़ गई है। ऐसे लोग देश को कमजोर करते हैं।''

खरगे ने कहा कि जब-जब कांग्रेस बढ़ती है, तब-तब ये लोग (भाजपा) उसको दबाने की कोशिश करते हैं लेकिन हम इस तरह से दबने वाले नहीं हैं।

राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''राजस्थान में कानून व्यवस्था इतनी खराब है कि एक महीने में तीन दलितों की हत्या कर दी गई।''

रैली को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

# न्यूयॉर्क में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के बाहर पहलगाम आतंकी हमलों के विरोध में प्रदर्शन

**न्यूयॉर्क**, (भाषा) पहलगाम आतंकवादी हमलों के विरोध में भारतीय प्रवासी यहां पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास और टाइम्स स्क्वायर के बाहर एकत्र हुए।

प्रदर्शनकारी भारतीय तिरंगा लहरा रहे थे और बैनर थामे हुए थे जिन पर लिखा था 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करो - पहलगाम हिंदू नरसंहार'। उन्होंने एक लंबा बैनर भी पकड़ रखा था, जिस पर आतंकवादी हमले के 26 पीड़ितों की तस्वीरें थीं, जिस पर लिखा था 'सीएनएन, एनबीसी, एनवाईटी, डब्ल्यूएपीओ, यूएन - कृपया उनके नाम साझा करें, उनके चेहरे दिखाएं'। इसके साथ ही बैनर पर 'हिंदू जीवन मायने रखता है', 'आतंकवाद को अभी समाप्त करें', 'इस्लामिक आतंकवाद



- आज ही समाप्त करें', 'बस बहुत हो गया' जैसी पंक्तियां भी लिखी थीं।

ये विरोध प्रदर्शन 27 अप्रैल को आयोजित किए गए थे और न्यूयॉर्क में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर जिहादी आतंकवाद के खिलाफ एक अंतर-धार्मिक जुलूस भी निकाला गया था। इस दौरान प्रवासी समुदायों के सदस्यों ने भारतीय और इजराइली झंडे लहराए थे, संयुक्त रूप से आतंकवाद की निंदा की थी और दुनिया से सामूहिक रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत संदेश भेजने का आह्वान किया था।

एक हिन्दू पुजारी ने हमले के पीड़ितों के लिए शांति की प्रार्थना की तथा समुदाय के सदस्यों ने पहलगाम हमले में मारे गए और घायल हुए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा।

'एक्स' पर एक पोस्ट में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें साझा कीं और कहा ''टाइम्स स्क्वायर, न्यूयॉर्क में संवेदना और विरोध।'' पोस्ट में कहा गया, ''पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त करने और आलोचना के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के सदस्य तथा भारत के मित्र टाइम्स स्क्वायर पर एकत्र हुए। सभा में पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।'' एक अन्य पोस्ट में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा, ''क्वींस, न्यूयॉर्क में दाऊदी बोहरा समुदाय ने जम्मू- कश्मीर में दुखद पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता में एक प्रार्थना सभा आयोजित की।''

# मध्यप्रदेश : मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिरी वैन, 12 लोगों की मौत

**मंदसौर**, (भाषा) मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार को तेज रफ्तार वैन, मोटरसाइकिल से टकराने के बाद कुएं में गिर गयी, जिससे मोटरसाइकिल सवार सहित 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक स्थानीय व्यक्ति भी शामिल है, जो लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरा था। यह हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजा देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा गया, ''मध्यप्रदेश के मंदसौर में हुए हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये



दिए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने घटनास्थल का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मारे गए लोगों की संख्या 12 हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रतीत होता है कि मोटरसाइकिल से टकराने के बाद वैन चालक के गाड़ी पर से नियंत्रण खो देने की वजह से यह हादसा हुआ है।

रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज सिंह ने बताया कि वैन में 13 लोग सवार थे। उन्होंने कहा, ''इनमें से चार लोगों को बचा लिया गया जबकि नौ की मौत हो गई। बचाव के लिए कुएं में उतरे मनोहर नाम के एक ग्रामीण की भी मौत हो गई।'' उन्होंने कहा, ''प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मोटरसाइकिल से टकराने के बाद वैन चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। वैन इसके बाद कुएं में जा गिरी।'' सिंह ने बताया कि बाइक सवार की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य एजेंसियों के कर्मियों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी घटना पर शोक जताया और कहा कि स्थानीय प्रशासन ने बचाव कार्य करते हुए हादसे के घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता कोष से प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को 2-2 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 1-1 लाख रुपए और सामान्य रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए है।'' उन्होंने कहा, ''बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्यात्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# जैनियों, जागो! अब समय है अपनी आवाज बुलंद करने का!: कांग्रेस नेता राजेश कुमार सेठी जैन का आह्वान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कांग्रेस नेता राजेश कुमार सेठी जैन ने जैन समुदाय से एकजुट होकर अपने हक और सम्मान की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया है। उज्जैन जिले के उन्हेल नगर में आज फिर दीक्षार्थी बहिनों के सम्मान समारोह संपन्न के पश्चात साध्वी महाराज नागदा की ओर विहार के दौरान दो युवकों द्वारा उन्हेल से 5 किलोमीटर हरियाली ढाबे के समीप छेड़छाड़ की गई, उन्हेल नगर के विहार सेवा के श्रावक गण ने उक्त युवकों को पड़कर थाना उन्हेल के सुपुर्द किया। संपूर्ण जैन समाज के लोग उन्हेल थाने में मौजूद है और घटना का पूर्व जोर विरोध किया जा रहा है, ।

वहीं दूसरी ओर कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने महाराष्ट्र के सांगली स्थित श्री गिरी पारसनाथ जैन मंदिर में भगवान पारसनाथ की अति प्राचीन प्रतिमा जी को नुकसान पहुँचाया है।

यह दृश्य देखकर हृदय अत्यंत व्यथित है। हमारी धार्मिक धरोहर सचमुच खतरे में है।

@DGPMaharashtra से अनुरोध है कि इस प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप करें और ऐसे जैन समाज तथा उनकी धार्मिक धरोहर को निशाना बनाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

बीजेपी शासन में जैन समुदाय पर हो रहे निरंतर अत्याचार, उनके तीर्थों और संतों पर हमले, और सुरक्षा में घोर विफलता ने समुदाय के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। चाहे पहलगाम की ताजा घटना हो या पहले पुलवामा में हुआ आतंकी हमला, बीजेपी की नाकामी ने देश की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

जैन समुदाय, जो अहिंसा और शांति का प्रतीक है, आज बीजेपी की विभाजनकारी नीतियों का शिकार बन रहा है। मुंबई के विले पार्ले में 35 साल पुराने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को तोड़ा जाना, नीमच में जैन संतों पर कायराना हमला, और सम्मेद शिखर जैसे पवित्र तीर्थों पर कब्जे की साजिशें–ये सभी घटनाएं बीजेपी शासन में जैन समुदाय की उपेक्षा और दमन को दर्शाती हैं।

बीजेपी की हिंदू-मुस्लिम विभाजन की नीति ने समाज में नफरत और ध्रुवीकरण को बढ़ावा दिया है, जिसका खामियाजा जैन जैसे अल्पसंख्यक समुदायों को भुगतना पड़ रहा है। केवल आर्थिक लाभ के लिए बीजेपी का समर्थन करना अब जैन समुदाय के भविष्य के लिए खतरा बन चुका है। यह समय है कि जैन समुदाय अपने दीर्घकालिक हितों, अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए एकजुट हो।

बीजेपी का एकमात्र मकसद है जनता को मूर्ख बनाकर चुनाव जीतना। वे झूठे वादों, भावनात्मक मुद्दों और सामाजिक विभाजन की रणनीति के सहारे सत्ता हासिल करते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि उनके शासन में न तो सुरक्षा है, न समृद्धि, और न ही सामाजिक सद्भाव।

जैन समुदाय को अब यह समझना होगा कि बीजेपी की नीतियां केवल सत्ता की भूख को पूरा करने के लिए हैं, न कि समाज के हित में। इनके भ्रामक प्रचार और खोखले नारों से सावधान रहें, क्योंकि ये केवल वोट बैंक की राजनीति करते हैं, न कि समुदायों की भलाई के लिए काम।जैनियों, अब चुप रहने का समय नहीं है!

बीजेपी की नफरत फैलाने वाली और समाज को बांटने वाली नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं। अपने तीर्थों, संतों और समुदाय की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करें। जैन धर्म का संदेश है जियो और जीने दो–इसी संदेश को मजबूत करते हुए हमें एक ऐसे भारत के लिए लड़ना होगा जहां सभी समुदायों का सम्मान हो, न कि केवल कुछ का दबदबा।जैन समाज, जागो! अपनी ताकत पहचानो और अन्याय के खिलाफ खड़े हो!

सीएम योगी का एक्शन

# यूपी बना पहला राज्य जिसने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सीएम योगी की लगातार निगरानी और उच्च स्तरीय बैठकों के बाद यह कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने मिलकर 75 जिलों में व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के तहत चिन्हित सभी पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश वापस भेज दिया गया। अब प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक शेष है, जिसे बुधवार तक पाकिस्तान रवाना किया जाएगा।



- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनिटरिंग और स्पष्ट निर्देशों का बड़ा असर, सभी जिलों में चला सघन अभियान**

सीएम योगी की सख्त निगरानी के चलते उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहां 100 प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई पूरी की गई। इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार के साथ-साथ पुलिस और खुफिया एजेंसियों की भूमिका अहम रही।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, संबंधित जिलों की पुलिस टीमें बनाकर पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सुरक्षा एजेंसियां अंतिम नागरिक की वापसी तक उस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कानपुर-लखनऊ रूट पर आज से फिर दौड़ेंगी ट्रेनें, 20 मार्च से बंद था रेल मार्ग

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। कानपुर और लखनऊ के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। गंगापुल की मरम्मत के कारण 20 मार्च से बंद पड़ा यह प्रमुख रेल मार्ग अब 29 अप्रैल से फिर से बहाल होने जा रहा है। रेलवे ने इस रूट पर लगाए गए मेगाब्लॉक को समाप्त करने की घोषणा कर दी है।

गंगा पुल पर आवश्यक मरम्मत और सुरक्षा कार्यों के चलते इस मार्ग पर रेल यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया था, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अब सभी आवश्यक कार्य पूरे कर लिए गए हैं, और ट्रेनों की आवाजाही कल मंगलवार से सामान्य रूप से शुरू हो जाएगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, मरम्मत के दौरान पुल की संरचना को और मजबूत किया गया है, जिससे आने वाले वर्षों में रेल यातायात अधिक सुरक्षित और सुचारु रहेगा।

### उप्र की ललित कला अकादमी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का आयोजन करेगी

लखनऊ (भाषा) उत्तर प्रदेश की ललित कला अकादमी प्रदेश के युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिये ग्रीष्मकालीन कार्यशाला (समर कैंप) का आयोजन करेगी। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक, यह कार्यशाला एक मई से 30 जून के बीच सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी और इसे दो आयु वर्ग (10 से 17 वर्ष व 18 से 25 वर्ष) में बांटा गया है।

राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की रचनात्मकता को निखारने और दृश्यकला के प्रति रुचि जागृत करने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है तथा प्रतिभागियों को कार्यशाला के अंत में प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। शुक्ला ने बताया कि कार्यशाला में युवाओं को दृश्य कला से जुड़ी बारीकियों से रु-ब-रु कराया जाएगा। बयान के मुताबिक, कार्यशाला में लोक कलाओं की भी बारीकियां सिखाई जाएंगी और बुंदेलखंड की चितेरी कला, सांझी, कोहबर, मिनिएचर पेंटिंग आदि के बारे में भी युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि आगरा में ललित कला संस्थान, लखनऊ में राज्य ललित कला अकादमी परिसर व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ललित कला विभाग में यह आयोजन होगा।

### ओडिशा सरकार विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से जारी राशन कार्ड रद्द करेगी

भुवनेश्वर (भाषा) ओडिशा सरकार ने राज्य में विदेशी नागरिकों को अवैध रुप से जारी राशन कार्ड को रद्द करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कदम हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले में ओडिशा के एक निवासी सहित 26 लोगों की मौत के बाद उठाया गया है।

राज्य के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री के.सी. पात्रा ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और बर्मा (म्यांमा) के नागरिकों के राशन कार्ड तत्काल रद्द करने के निर्देश दिए गए हैं। पात्रा ने कहा, आतंकवादी हमले के बाद हमने अपना रुख कड़ा कर लिया है। राज्य भर में रहने वाले विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकों के लिए निर्धारित लाभ नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि विदेशी नागरिक मुख्यतः बालासोर, केंद्रापाड़ा और जगतसिंहपुर जिलों में रह रहे हैं।

अब तक राज्य में 11 पाकिस्तानी और 3,738 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई है।

# संभल में जामा मस्जिद विवाद मामले में सुनवाई टली

यागराज (भाषा) उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद के मामले में एएसआई की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए सोमवार को और मोहलत मांगे जाने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई पांच मई तक के लिए टाल दी। सोमवार को जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई, तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने एएसआई को जवाब दाखिल करने के लिए 48 घंटे, जबकि मस्जिद कमेटी को जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की।

यह सुनवाई मस्जिद कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर की जा रही है, जिसे संभल की एक अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए दायर किया गया है। निचली अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग को मस्जिद के पुरातत्व सर्वेक्षण का निर्देश दिया था।

इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जिला अदालत में लंबित मूल मुकदमे की सुनवाई पर अगली तारीख तक के लिए रोक लगा दी थी। मूल मुकदमे में हिंदू पक्ष ने संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर (जामा मस्जिद) में प्रवेश का अधिकार मांगा है।

प्रबंधन समिति की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दो सप्ताह के भीतर एएसआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि उक्त वाद 19 नवंबर 2024 को दोपहर में दायर किया गया और कुछ घंटों के भीतर ही न्यायाधीश ने एक अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति कर उसे मस्जिद का प्रारंभिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दे दिया और उसी दिन और 24 नवंबर 2024 को यह सर्वेक्षण किया गया। अदालत ने सर्वेक्षण की रिपोर्ट 29 नवंबर को पेश करने का भी निर्देश दिया था।

# बांदा को मिलेगा धार्मिक पर्यटन का नया स्वरूप

## पर्यटन विभाग ने 1980.43 लाख रुपये की 6 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद बांदा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 1980.43 लाख रुपये की 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत प्राचीन धार्मिक स्थलों और मंदिरों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

बांदा एक ऐतिहासिक नगर है, जहां वर्षभर देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य इन स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक आकर्षक बनाना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी जनपदों में बुनियादी पर्यटन सुविधाएं सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन 6 परियोजनाओं में शामिल प्रमुख कार्य इस प्रकार हैंः

- ग्राम पंचायत चन्दौरा, ब्लॉक नरेनीः कारू बाबा भगवान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 108.90 लाख रुपये स्वीकृत।
- ग्राम लसड़ा बसधरीः ऋषि वेदव्यास की जन्मस्थली के पर्यटन विकास हेतु 127.08 लाख रुपये की स्वीकृति।
- ग्राम मुंडवारा, ब्लॉक कमसिनः भादेबाबा स्थल के विकास के लिए 86.20 लाख रुपये।
- रनगढ़ किलाः पहुंच मार्ग का उच्चीकरण एवं स्ट्रीट फर्नीचर कार्य हेतु 1516.07 लाख रुपये, जो इस परियोजना का सबसे बड़ा हिस्सा है।
- ग्राम सोहाना गंछा, तहसील बांदा सदरः सिद्ध बाबा स्थान का पर्यटन विकास कार्य, 92.30 लाख रुपये की लागत से।
- कुरसेजा धाम मंदिर, तिन्दवारीः धार्मिक स्थल के विकास हेतु 49.88 लाख रुपये की राशि स्वीकृत।

- **कारू बाबा मंदिर, ऋषि वेदव्यास की जन्मस्थली, कुरसेजा धाम समेत प्रमुख स्थलों का होगा पर्यटन विकास**

मंत्री ने यह भी बताया कि सभी परियोजनाओं के लिए कार्यदायी संस्थाओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है और शासनादेश जारी कर दिए गए हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में पर्यटन को नया प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे।

# पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने दी श्रद्धांजलि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गोंडा। करनैलगंज क्षेत्र के बाबा बरखंडी नाथ के स्थान पर नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के द्वारा सोमवार को पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष एवं बाबा बरखंडी नाथ महन्त सुनील पुरी महाराज ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए इस घिनौने कृत्य से भारत का हर नागरिक आक्रोशित है। दुनियाभर में आतंकवाद के खिलाफ अब आवाज उठने लगी है।



राहुल सिंह कर्नलगंज नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि धर्म के नाम पर आतंकवाद को बढ़ावा देना यह न्याय संगत नहीं है। नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मांग किया है की ऐसी घटनाएं देश में दोबारा पैदा न हो, इसके लिए आतंकवादियों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। अवध क्षेत्र अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला अध्यक्ष महन्त सुनील पुरी महाराज, करनैलगंज नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह , दिवाकर पांडेय, सनी सिंह, गिरीश शुक्ला करनैलगंज विधानसभा अध्यक्ष, विजय भारती जिला प्रभारी, देवकीनंदन तिवारी, मोहित मिश्रा, राजबहादुर सिंह, दिव्यांश गोस्वामी, प्रवेश गुप्ता, राजवीर गोस्वामी, पिंकू पांडे सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# पंचायत चुनाव का टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ता ने पार्टी नेताओं पर हमला किया : हिमंत

गुवाहाटी (भाषा) असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को दावा किया कि पंचायत चुनाव का टिकट नहीं मिलने के कारण कांग्रेस के एक सदस्य ने पार्टी के सांसद प्रद्युत बोरोदोलोई और विधायक सिबामोनी बोरा पर हमला किया। कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेता रविवार को नागांव जिले में एक चुनावी सभा में भाग लेने जाते समय हुए हमले में मामूली रूप से घायल हो गए जबकि उनके वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

शर्मा ने सोनितपुर जिले में एक चुनावी रैली से इतर संवाददाताओं से कहा, एक व्यक्ति को जिला परिषद का टिकट देने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में उसे मना कर दिया गया। उसने हमला किया है।

हालांकि, जांच के बाद ही विस्तृत जानकारी मिल पाएगी। बाद में, उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ‘ढिंग में हुई घटना के केंद्र में कांग्रेस का एक नेता है, जिसने एक टिकट बेचने के लिए दो लोगों से पैसे लिए थे।



दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं को पीड़ित कार्ड नहीं खेलना चाहिए और भाजपा को दोष नहीं देना चाहिए, बल्कि उन्हें असम कांग्रेस में व्याप्त भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना चाहिए। राज्य के 27 जिलों में दो चरणों में दो और सात मई को पंचायत चुनाव होंगे। मतगणना 11 मई को होगी।

# उच्च न्यायालय ने इन्फोसिस के सह–संस्थापक गोपालकृष्णन, अन्य के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द किया

बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम, 1989 के तहत इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन और अन्य के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द कर दिया है। अदालत ने शिकायत को कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया और शिकायतकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की छूट दी। न्यायमूर्ति हेमंत चंदनगौदर ने 16 अप्रैल को आदेश पारित करते हुए कहा कि शिकायत याचिकाकताओं को परेशान करने का एक प्रयास था। प्राथमिकी भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के पूर्व संकाय सदस्य डी सना दुर्गप्पा द्वारा दायर एक निजी शिकायत पर आधारित थी। दुर्गप्पा को 2014 में यौन उत्पीड़न के आरोपों की आंतरिक जांच के बाद सेवा से हटा दिया गया था। दुर्गप्पा ने दावा किया कि 2014 में, उन्हें ह्यहनीट्रैपह्ण के मामले में फंसाया गया और बाद में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। दुर्गप्पा ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ जातिवादी टिप्पणी की गई और धमकी भी दी गई। अदालत ने कहा कि 2015 में उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका के बाद सेवा से बर्खास्तगी को इस्तीफा में बदल दिया गया था। तब मामले में समझौते के तहत दुर्गप्पा ने संस्थान और उसके प्रतिनिधियों के खिलाफ सभी शिकायतों और कानूनी कार्यवाही को वापस लेने के लिए सहमति व्यक्त की थी। इसके बावजूद, दुर्गप्पा ने दो और प्राथमिकी दर्ज कराई, जिन्हें 2022 और 2023 में रद्द कर दिया गया। फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, गोपालकृष्णन ने बयान में कहा, मुझे हमारी अदालतों और न्याय प्रणाली में पूर्ण विश्वास है। यह फैसला इस बात की पुष्टि करता है कि न्याय व्यवस्था में कानून का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा पर चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा की

रायपुर (भाषा) छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर पहाड़ियों पर मौजूद नक्सलियों को पकड़ने के लिए चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के आठवें दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसकी समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह अभियान बस्तर क्षेत्र में शुरू की गई सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में एक है जिसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), राज्य पुलिस की सभी इकाइयों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) समेत विभिन्न इकाइयों के लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं।

यह अभियान 21 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से 450 किलोमीटर दूर अंतरराज्यीय सीमा बीजापुर (छत्तीसगढ़) और मुलुगु (तेलंगाना) के दोनों ओर लगभग 800 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले करेगुट्टा और दुर्गमगुट्टा की पहाड़ियों और घने जंगल में शुरू किया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आज दोपहर मंत्रालय में गृह विभाग की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने करेगुट्टा में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प के साथ राज्य सरकार दृढ़ता से कार्य कर रही है।

अधिकारियों ने बताया कि साय ने नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय एवं सूचना संकलन तंत्र को और अधिक मजबूत करने का निर्देश दिया है तथा उन्होंने कहा है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त और विकासोन्मुख प्रदेश के रूप में पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी।

अधिकारियों का कहना है कि इस बैठक में गृहविभाग के प्रभारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

अधिकारियों ने बताया कि जिस इलाके में अभियान चल रहा है, वह पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है तथा इसे माओवादियों की ह्यपीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) बटालियन नंबर एकह्ण का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। ह्यबटालियन नंबरह्ण एक माओवादियों का सबसे मजबूत सैन्य संगठन है। अभियान की निगरानी कर रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जानकारी मिली है कि पीएलजीए बटालियन नंबर एक, तेलंगाना राज्य समिति और माओवादियों की ह्यदंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) से जुड़े पांच सौ से अधिक नक्सली हिडमा, बरसे देवा और दामोदर जैसे खूंखार नक्सलियों के नेतृत्व में इस इलाके में छिपे हुए हैं। ये नक्सली एक बैठक के लिए यहां एकत्र हुए थे।

अधिकारी ने बताया, राज्य और केंद्रीय बल के 24 हजार जवान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस अभियान में शामिल हैं।

# आप बड़े राजमार्ग बना रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं: शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) सड़क/मोटर वाहन हादसों के शिकार लोगों के लिए नकदीरहित इलाज की योजना तैयार करने में देरी को लेकर केंद्र पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्गों का निर्माण कर रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोग वहां मर रहे हैं।



न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि आठ जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र ने न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की।

शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए एक अप्रैल, 2022 को तीन साल के लिए प्रभाव में लायी गयी थी लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया।

पीठ ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव से पूछा, ''आप अवमानना कर रहे हैं। आपने समय बढ़ाने की मांग करने की जहमत नहीं उठाई। यह क्या हो रहा है? आप हमें बताएं कि आप योजना कब बनाएंगे? आपको अपने कानूनों की परवाह नहीं है। यह कल्याणकारी प्रावधानों में से एक है। इस प्रावधान को प्रभाव में आये तीन साल हो गए हैं। क्या आप वाकई आम आदमी के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं?''

शीर्ष अदालत ने सचिव से यह भी सवाल किया, '' क्या आप इतने लापरवाह हो सकते हैं? क्या आप इस प्रावधान के प्रति गंभीर नहीं हैं? लोग सड़क दुर्घटनाओं में मर रहे हैं। आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे हैं, लेकिन वहां लोग मर रहे हैं क्योंकि वहां कोई सुविधा नहीं है। 'गोल्डन ऑवर ट्रीटमेंट (हादसे के एक घंटे में इलाज)' की कोई योजना नहीं है। इतने सारे राजमार्ग बनाने का क्या फायदा?''

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 2 (12-ए) के तहत 'गोलेडन ऑवर' सड़क हादसे में किसी दर्दनाक चोट के बाद एक घंटे की अवधि को संदर्भित करता है, जिसके तहत समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप से मृत्यु को रोका जा सकता है।

शीर्ष अदालत ने सचिव को योजना में देरी के कारणों को स्पष्ट करने के लिए तलब किया था।

सचिव ने सोमवार को कहा कि एक मसौदा योजना तैयार की गई थी, लेकिन 'जनरल इंश्योरेंस काउंसिल (जीआईसी)' द्वारा आपत्ति जताए जाने के कारण इसमें बाधा उत्पन्न हो गई।

सचिव ने कहा, ''जीआईसी सहयोग नहीं कर रही है। इसने तर्क दिया है कि उसे दुर्घटना में शामिल मोटर वाहन की बीमा पॉलिसी की स्थिति की जांच करने की अनुमति दी जानी चाहिए।''

शीर्ष अदालत ने यह बयान भी रिकार्ड पर लिया कि 'गोल्डन ऑवर' की योजना सोमवार से एक सप्ताह के भीतर लागू हो जाएगी।

इसके बाद पीठ ने अधिसूचित योजना को नौ मई तक रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 13 मई को तय की।

## पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार में रेस्तरां के बाहर गोलीबारी का आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में एक बार सह रेस्तरां के बाहर गोलीबारी करने के आरोप में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जिले के मूल निवासी अफ्फाक को कड़कड़ी मोड़ फ्लाईओवर के पास से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, 26 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे अफ्फाक ने 'हाउस रेस्टोरेंट एंड बार' के प्रवेश द्वार पर गोलियां चलाईं। इस मामले में सचिन नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई और पुलिस जांच शुरू की गई। टीम को घटनास्थल से एक कारतूस का खोल और एक कारतूस मिला। अधिकारी ने बताया कि अफ्फाक को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अफ्फाक और साहिल (जो सोशल मीडिया पर उसका दोस्त बना था) पहले रेस्तरां में हुए एक झगड़े में शामिल रहे थे।

# मातृभूमि मीडिया समूह एम.पी. वीरेंद्र कुमार की स्मृति में राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण भारत के प्रमुख मीडिया समूह मातृभूमि ने सोमवार को राजनीतिक नेता, लेखक और अपने पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एम. पी. वीरेंद्र कुमार की स्मृति में एक राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की।


मीडिया समूह द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह पुरस्कार पर्यावरण, दर्शन शास्त्र, साहित्य, राजनीति और सामाजिक-मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा।

प्रथम 'एमपी वीरेंद्र कुमार मेमोरियल नेशनल थॉट लीडरशीप अवार्ड' उस व्यक्ति को दिया जाएगा, जिसने देश के सतत भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए पर्यावरण के क्षेत्र में बदलाव लाया हो।

प्रसिद्ध लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर एम के सानू, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश और पर्यावरण कार्यकर्ता वंदना शिवा की सदस्यता वाली जूरी विजेता का चयन करेगी। पुरस्कार के तहत एक पट्टिका, प्रमाण पत्र और 5 लाख रुपये नकद शामिल हैं। यह पुरस्कार कुमार की पुण्यतिथि पर 28 मई को प्रदान किया जाएगा।

राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और ए. के. गोपालन के कार्यों से प्रेरित होकर वीरेंद्र कुमार राजनीति में आये थे। बाद में, वह देश के एक प्रमुख समाजवादी नेता बन गए।

कुमार लोकसभा, राज्यसभा और केरल विधानसभा के सदस्य रहे थे। उन्होंने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, शहरी कार्य और रोजगार राज्य मंत्री के अलावा केरल में मंत्री के रूप में भी सेवा दी थी।



विज्ञप्ति के अनुसार, वह यात्रा साहित्य के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार और केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार, दोनों से नवाजे गए एकमात्र लेखक भी हैं। कुमार ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) के चेयरमैन और 'इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी' के अध्यक्ष के रूप में भी सेवा दी थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है, ''उनके नेतृत्व ने 'मातृभूमि' को दो संस्करण से 14 संस्करण तक पहुंचाया। साथ ही, नौ पत्रिकाओं, टीवी चैनल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, एफएम रेडियो और कार्यक्रमों के साथ इसे चार दशकों में मीडिया क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बना दिया।''

# मुंबई हमला : दिल्ली की अदालत ने तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ाई

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ा दी।




विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने एनआईए के अनुरोध पर राणा की हिरासत अवधि बढ़ा दी।

एनआईए ने राणा को 18 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया तथा उसकी हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ाए जाने का अनुरोध किया।

राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच चेहरा ढककर अदालत में पेश किया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र मान इस मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

वहीं, दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा राणा की ओर से पैरवी कर रहे हैं।

अदालत ने अपने पिछले रिमांड आदेश में एनआईए को निर्देश दिया था कि वह राणा की हर 24 घंटे में चिकित्सा जांच कराए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दे।

इसने राणा को केवल ''सॉफ्ट-टिप पेन'' का उपयोग करने तथा एनआईए अधिकारियों की उपस्थिति में अपने वकील से मिलने की अनुमति दी, जो सुनने योग्य दूरी से बाहर होंगे।

पिछली बार बहस के दौरान एनआईए ने कहा था कि साजिश के पूरे पहलू को उजागर करने के लिए राणा की हिरासत की आवश्यकता है। इसने कहा था कि 17 साल पहले हुई घटनाओं का पता लगाने के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना आवश्यक है।

अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के करीबी सहयोगी राणा के भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ दायर उसकी पुनरीक्षण याचिका चार अप्रैल को खारिज कर दी थी जिसके बाद उसे भारत लाया गया था।

छब्बीस नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग से भारत की वित्तीय राजधानी में घुसपैठ करने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो लक्जरी होटलों और एक यहूदी केंद्र पर समन्वित हमले किए थे।

लगभग 60 घंटे तक चले इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे।

# दिल्ली के 25 बस स्टैंड पर 'स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर' लगाए जाएंगे

**नयी दिल्ली,** (भाषा) गर्मियां बढ़ने के साथ ही दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने 25 बस स्टैंड और 16 बस टर्मिनल पर 'स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर' लगाने की योजना बनाई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में 'वार्षिक गर्मी कार्य योजना' की घोषणा की जिसमें यात्रियों के लिए बस स्टैंड और 'कूल रूफ शेल्टर' में ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना शामिल है।

पायलट परियोजना के तहत 'स्मार्ट वाटर डिस्पेंसर' में प्रति घंटे 100 लीटर आरओ-फिल्टर किया हुआ स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने की क्षमता होगी तथा कुल मिलाकर प्रतिदिन 800 लीटर पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। एआई-कैमरा से लैस वाटर कूलर आने-जाने वालों पर नजर रखेंगे और अधिक स्थानों पर सुविधा का विस्तार करने के निर्णय के लिए परिणाम उपलब्ध कराएंगे।




प्रस्ताव में कहा गया है, ''इसमें वाटरप्रूफ डिजिटल स्क्रीन होगी और एआई सिस्टम को रिमोट मॉनिटरिंग के लिए डैशबोर्ड से जोड़ा जाएगा। स्मार्ट डिस्पेंसर में सार्वजनिक घोषणाएं करने की सुविधा होगी, लू चलने और अन्य सूचनाओं के बारे में अलर्ट प्रसारित किए जाएंगे।'' दोनों परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं और बस स्टैंड पर सात फुट ऊंचाई वाले डिस्पेंसर लगाने की लागत 2.10 करोड़ रुपये तथा टर्मिनल पर 72 लाख रुपये है।

प्रस्ताव के अनुसार यह कार्य अगले 30 दिनों में पूरा किया जाना है।

# बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुका नाइजीरियाई दिल्ली में 30 लाख रुपये की एमडीएमए के साथ गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) कई बॉलीवुड फिल्मों में जाने-माने अभिनेताओं के साथ काम कर चुके एक नाइजीरियाई व्यक्ति को उसके एक साथी के साथ दिल्ली में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों को 354 ग्राम एमडीएमए के साथ पकड़ा गया, जिसमें 769 गोलियां थीं और इसकी कीमत करीब 30 लाख रुपये है।

आरोपियों की पहचान नाइजीरिया के अबिया प्रांत के निवासी पैट्रिक (47) और महाराष्ट्र के शशिकांत रवींद्र प्रभु (42) के रूप में हुई है।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) सुरेन्द्र चौधरी ने एक बयान में कहा, ''ये गिरफ्तारियां दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की एक विशेष टीम ने महिपालपुर के पास से की।'' उन्होंने बताया कि उनके पास से मादक पदार्थ पहुंचाने के लिए कथित तौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक स्कूटर भी जब्त किया गया है।

बयान के अनुसार, पैट्रिक 2008 में व्यापार वीजा पर भारत आया था और वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से देश में रहा। उसे फिल्म उद्योग में काम मिला, उसने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया, लेकिन बाद में वह मादक पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी में फंस गया।

बयान में कहा गया है कि 2019 में पैट्रिक को हेरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उसने तीन साल जेल में बिताए। बयान के मुताबिक, इस दौरान वह कथित तौर पर अन्य मादक पदार्थ तस्करों के संपर्क में आया। बयान में कहा गया है कि रिहा होने के बाद पैट्रिक दिल्ली और एनसीआर में एमडीएमए टैबलेट की आपूर्ति करने लगा। 0डीसीपी ने बताया, ''दोनों को 26 अप्रैल को एक गुप्त सूचना के आधार पर रोका गया। सरसरी तलाशी के बाद उनके पास से प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई।''

## नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

नयी दिल्ली, (भाषा) नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे भयावह करार दिया और भारत के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की।



दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, ''हम भारत के लोगों के साथ हैं।''

संवाददाता सम्मेलन की शुरुआत में, पहलगाम हमले में मारे जाने वालों की याद में कुछ पल का मौन रखा गया।

आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में पर्यटकों पर गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। मृतकों में एक नेपाल का नागरिक था।

इस भीषण आतंकी हमले की दुनिया भर के देशों और नेताओं ने निंदा की है।

# भाकपा सांसद ने पहलगाम हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद पी. संदोश कुमार ने संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले पर संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।




राज्यसभा सदस्य कुमार ने कहा कि विशेष सत्र में सांसदों को यह अवसर मिलेगा कि वो दलगत रुख से इतर राष्ट्र के सामूहिक संकल्प को एकजुट होकर व्यक्त कर सकें।

कुमार के अनुसार, हमले ने न केवल पीड़ितों के परिजनों को दुख पहुंचाया, बल्कि ''हमारे राष्ट्र की सामूहिक अंतरात्मा'' को भी झकझोर दिया।

उनका कहना था, ''इस कठिन समय में यह जरूरी है कि हमारी संसद एकजुट होकर अपना गहरा दुख व्यक्त करे, पीड़ितों को श्रद्धांजलि दे और आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के दृढ़ संकल्प को दोहराए।''

उन्होंने कहा, ''इस त्रासदी की भयावहता को देखते हुए मैं आपसे संसद का एक विशेष सत्र यथाशीघ्र बुलाने पर विचार करने का आग्रह करता हूं।''

कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि संसद को लोगों की भावना और आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के लिए राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठना चाहिए।

## सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देना समाज की साझा जिम्मेदारी: जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देना सिर्फ कुछ विभागों का काम नहीं है बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि हिंदी के इस्तेमाल को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन सभी हितधारकों की ओर से निरंतर प्रयास अभी भी जरूरी हैं।

मंत्री ने हिंदी को बढ़ावा देने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों जैसे कुछ क्षेत्रों में योग्य शिक्षकों की कमी और प्रशासनिक बाधाओं पर भी बात की। उन्होंने हितधारकों को औपचारिक बैठकों से आगे बढ़कर नियमित संचार व व्यावहारिक पहल के माध्यम से सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला- जनपद अमरोहा

पत्रांकः–135 / न0पा0परि0ग0अ0 / अल्प0ई0नि0सू0– 2025.26 दिनांकः– 28.04.2025

### अल्पकालीन ई- निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गजरौला जनपद अमरोहा क्षेत्र में राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्थित कूड़ा प्रसंस्करण केन्द्र पर एकत्रित हुये कूड़े के निस्तारण हेतु सम्बन्धित फर्मों / ठेकेदार से ई–निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई–निविदा दिनाँकः–28 / 04 / 25 से दिनाँकः–05 / 05 / 25 तक ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपरान्ह 03:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की ई–निविदा दिनाँकः– 05 / 05 / 25 को अपराह्न 04:00 बजे खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर०टी०जी०एस० के माध्यम से नगर पालिका परिषद गजरौला के खाता संख्या–920010040471620 ऐक्सिस बैंक, शाखा गजरौला IFSCode-UTIB0001470 में एवं एफ०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, गजरौला के नाम बंधक होगी। जिसकी कॉपी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य के नियम व शर्तें कार्यालय नगर पालिका परिषद गजरौला में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ललित कुमार) | (आदेश कुमार) | (चन्द्रकान्ता) | (राजेन्द्री उर्फ उमा देवी) |
| लेखा लिपिक | निर्माण लिपिक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद गजरौला | नगर पालिका परिषद गजरौला | नगर पालिका परिषद गजरौला | नगर पालिका परिषद गजरौला |
| जनपद अमरोहा | जनपद अमरोहा | जनपद अमरोहा | जनपद अमरोहा |



दैनिक नेशनल एक्सप्रेस हर खबर समय पर

43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र

1981 43 YEARS 2024

आवश्यकता है

नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।

7080333338 011-49066569

news.vpl@gmail.com

VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001

Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia 7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia


# रेस्तरां में सेवा शुल्क न लगाने के आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका में उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें कहा गया है कि रेस्तरां भोजन के बिल पर अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क नहीं लगा सकते क्योंकि यह जनहित के खिलाफ है और अनुचित व्यापार व्यवहार के समान है।


'नेशनल रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एनआरएआई) द्वारा दायर अपील मंगलवार को एक खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध होने की संभावना है। एसोसिएशन ने एकल न्यायाधीश के 28 मार्च के फैसले को चुनौती दी है। इस फैसले में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के दिशानिर्देशों के खिलाफ रेस्तरां निकायों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।



सीसीपीए ने होटलों और रेस्तराओं को भोजन बिल पर अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क लगाने से रोक दिया था।

एकल न्यायाधीश ने दिशानिर्देशों को बरकरार रखा था और याचिकाकर्ताओं पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कहा था कि इसे उपभोक्ता कल्याण के लिए सीसीपीए में जमा कराया जाए।

न्यायाधीश ने कहा था कि रेस्तरां भोजन के बिल पर अनिवार्य रूप से सेवा शुल्क नहीं लगा सकते क्योंकि यह जनहित के खिलाफ है और अनुचित व्यापार व्यवहार के समान है।



# बच्ची से दरिंदगी का आरोपी पहुंचा सलाखों के पीछे

## विशारतगंज पुलिस ने किया बलात्कार के गंभीर आरोप का कुशल अनावरण जगन्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की प्रशंसा

नेशनल एक्सप्रेस

बरेलीः थाना विशारतगंज पुलिस ने एक गंभीर अपराध का सफल अनावरण करते हुए नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी नंदकिशोर पुत्र चोखेलाल निवासी ग्राम परवाहा ईटनपुर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना विशारतगंज में मु.अ.सं. 90/25 धारा 137(2)/65(2) डीपीएसएस व 5(ट)/6 ढडउरड अउळ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें घटना 24 अप्रैल 2025 की है जब आठ वर्षीय बच्ची अपने परिवार के साथ ग्राम परवाहा ईटनपुर में एक शादी समारोह में गई थी। रात के समय बच्ची लापता हो गई, जिसके बाद परिवार ने उसे ढूंढना शुरू किया। कुछ देर बाद बच्ची को गांव के बाहर एक सुनसान स्थान पर बेहोशी



की हालत में पाया गया। पुलिस को सूचना दी गई और तत्काल जांच शुरू की गई।

थाना विशारतगंज पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देशन में एक टीम का गठन किया। टीम ने गहन छानबीन और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी नंदकिशोर को 27 अप्रैल की रात को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसकी पत्नी का 12 वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है और मानसिक अवस्था ठीक नहीं थी। आरोपी ने लड़की को अकेले देखकर गलत इरादा कर लिया और जग्न अपराध कर डाला।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की तत्परता और सतर्कता से एक गंभीर अपराध का शीघ्र खुलासा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# भीषण गर्मी के आने लगे रुझान, गर्मी से ट्रांसफार्मर में लगी आग



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली।कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित न्यायालय के पिछले गेट पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब वहां लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग ने बढ़ाने की स्थिति में ट्रांसफार्मर के पास खड़ी एक बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया और बाइक भी जल गई। गनीमत यह रही की राहगीरों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मामला न्यायालय परिसर से संबंधित था सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी तुरंत मौके पर पहुँची और आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के पश्चात आसपास के लोगों ने बताया की भीषण गर्मी के कारण शर्ट सर्किट से आग लगी है और धीरे-धीरे बढ़ने लगी ।यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीषण गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर अधिक गर्म हो गया था और शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। न्यायालय गेट पर लगी आग की घटना चर्चा का विषय बनी।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर सहित अन्य पांच पुलिसकर्मी हत्या, लूट और फर्जी एनकाउंटर में बरी

नेशनल एक्सप्रेस/राहुल सक्सेना

बरेली। चर्चित दवा व्यवसायी मुकुल गुप्ता के फर्जी एनकाउंटर के मामले में दर्ज हत्या और लूट के मुकदमे में सभी छह पुलिसकर्मी साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए हैं। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने सोमवार को यह फैसला सुनाया।

मामले में तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक (ट्रेनी आईपीएस) जे. रविंद्र गौड़ और दो सिपाहियों के खिलाफ सबूत न मिलने के कारण सीबीआई ने चार्जशीट ही दाखिल नहीं की थी। यहां आपको यह भी बताते चलें जे रविंद्र गौड़ वर्तमान में गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर हैं।आईपीएस अफसर जे रविंदर गौड के साथ फर्जी मुठभेड़ में आरक्षी गौरी शंकर विश्वकर्मा, जगवीर सिंह, वीरेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक विकास सक्सेना, मूला सिंह और देवेंद्र कुमार शर्मा को आरोपी बनाया गया था। विकास सक्सेना वर्तमान में यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

आपको बताते चलें वादी ब्रजेंद्र कुमार गुप्ता ने फतेहगंज पश्चिमी थाने में बेटे



मुकुल गुप्ता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकुल दवा व्यवसायी था और उसके पास अक्सर एक लाख रुपये रहते थे। आरोप था कि बरेली में प्रशिक्षण ले रहे ट्रेनी आईपीएस अधिकारी ने अधिकारियों को खुश करने और बहादुरी का सर्टिफिकेट लेने के लिए एक गिरोह को खत्म करने की योजना बनाई। इस योजना में दारोगा और मुखबिर विक्की शर्मा उर्फ धर्मपाल तथा विक्की के रिश्तेदार पंकज उर्फ करण का साथ लिया गया।वादी के मुताबिक, 30 जून 2007 की सुबह मुकुल पंकज के रिक्शे में सवार होकर निकला था। रास्ते में कोतवाली के दरोगा ने मिलीभगत कर रिक्शा रुकवाया और मुकुल से मोबाइल व एक लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद उसे आईपीएस अधिकारी के हवाले कर दिया गया।पुलिस टीम ने मुकुल को फतेहगंज क्षेत्र के रुकुमपुर-माधवपीड़ रेलवे स्टेशन के पास टाटा सूमो में बैठाकर एके-47 से अंधाधुंध फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। फिर इस हत्या को फर्जी मुठभेड़ बताकर मुकुल पर ही हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया। वादी ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट का रुख किया। कोर्ट के आदेश पर वर्ष 2010 में सीबीआई ने जांच शुरू की और 17 जून 2010 को मामला दर्ज किया। जांच के बाद सीबीआई ने 20 अगस्त 2014 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे के दौरान आरोपियों में से एक दरोगा और दो आरक्षियों की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष के वकील विशाल टहलयानी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण अदालत ने सभी को बरी कर दिया।

# 1 मई से ज्यादा भीड़भाड़ वाले इलाकों में ई-रिक्शा प्रतिबंधित, कुछ रास्तों पर वनवे एंट्री

## बरेली में ई–रिक्शा पर सख्ती: नौ रास्तों पर पूरी तरह प्रतिबंध, 10 मार्गों पर एक तरफा संचालन

नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी

बरेली। ट्रैफिक पुलिस द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाने के बावजूद भी बरेली को ई रिक्शा जाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है, जिसको देखते हुए अब ट्रैफिक पुलिस द्वारा इसका सुचारू रूप से इलाज किया जा रहा है भीड़भाड़ वाले इलाके में ई-रिक्शा की जरूरत से ज्यादा आवाजाही से जाम की समस्या बन रही है। शहर के इस जाम की समस्या से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नई व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत शहर में नौ प्रमुख रास्तों पर ई-रिक्शा के संचालन पर पाबंदी लगा दी गई है। 10 मार्गों पर एकल व्यवस्था लागू रहेगी।

**1 मई से लागू हो जाएंगी ई रिक्शा की नई गाइडलाइनः** किसी जगह भीड़ की वजह से तो कहीं बाजार की वजह से ई रिक्शा का संचालन नहीं हो सकेगा। एक





मई से यातायात पुलिस नई व्यवस्था लागू करेगी। इस संबंध में एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। साथ ही, सभी थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बैठक कर सभी ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

**इन रास्तों पर पूर्णतया प्रतिबंधः** एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि किला क्रासिंग से कटरा मानराय तक, श्यामगंज चौराहे से साहूगोपीनाथ तक, खलील तिराहे से कुतुबखाना तक, नावल्टी से कुतुबखाना तक, साहूगोपीनाथ से कुतुबखाना तक, सिकलापुर से पटेल चौक तक, बरेली कॉलेज से नावल्टी तक, मठ की चौकी से कुतुबखाना और श्यामगंज से साहूगोपीनाथ तक ई-रिक्शा पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

### इन रास्तों पर वनवे एंट्री

चौपुला से नावल्टी वाया खलील तिराहा, नावल्टी से चौपुला वाया पेटल चौक, बरेली कॉलेज से नावल्टी वाया सिकलापुर, नावल्टी से सिकलापुर पटेल चौक, सिकलापुर से पटेल वाया बरेली कॉलेज पश्चिमी चौराहे से नगर निगम होते हुए, जंक्शन तिराहे से चौपुला, चौपुला से जंक्शन तिराहा वाया दामोदर पार्क कचहरी, कोहाड़ापीर से अशोक नगर तिराहा तक, अशोक नगर से सूद धर्मकांटा, सूद धर्मकांटा से कोहाड़ापीर तक एकल व्यवस्था लागू होगी।

# कोर्ट ने आदेश पर जगी आस, एक साल 11 माह बाद बनाने चले नहीं मिला कब्जा

## ■फिर भी नहीं मिल रहा कब्जा पुलिस के सामने महिला ने गिराए पिलर और लिखवा दिया फर्जी मुकदमा

## ■सारे साक्ष्य होने के बाद भी नहीं सुन रही पुलिस,पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। नगरिया कला थाना इज्जत नगर निवासी निर्मल सिंह पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल ने एसएसपी को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि 29 मई 2023 को न्यायालय ने प्रार्थी के हक में आदेश पारित किया जिसके बाद 1 साल 11 माह बीत जाने के उपरांत 3 अप्रैल 2025 को लेखपाल ने पुलिस के साथ पहुंचकर प्रार्थी को जमीन पर कब्जा दिलवाया था। आरोप है कि 5 अप्रैल को जब प्रार्थी अपनी जगह पर पिलर खड़े कर



रहा था तभी आरोपी झगड़ालू प्रवृत्ति की महिला ने पुलिस के सामने ही पिलर गिरा दिए और पुलिस तमाशा बिन बनी देखती रही। तब पुलिस ने कुछ नहीं किया बल्कि आरोपी महिला ने रात को झूठा मेडिकल बनवाकर व अन्य धाराओं में पुलिस से मिलकर फर्जी मामला दर्ज करवा दिया। जिस वक्त पुलिस के सामने महिला दबंगई से पिलर गिरा रही थी उसकी वीडियो भी उपलब्ध है। पीड़ित ने बताया कि क्योकि आरोपी केस हार गए हैं इस लिए फर्जी तरह से पीड़ित व अन्य परिवार वालो को फंसाकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर पुलिस संरक्षण प्राप्त कर अपनी दबंगई द्वारा एक बार पुनं काबिज होने की कोशिश कर रहे हैं। मुझ पर गलत मुकदमा लिखवा कर तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है ,पीड़ित ने उक्त मामले की निष्पक्ष जाँच कर कार्यवाही की माँग की है।

# रोजाना की तरह भट्ठे पर कार्य करने गया युवक, संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

## बहेड़ी क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका पुलिस मामले की जांच में जुटी

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली मामला थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव देवीपुरा का है जहां के निवासी 25 वर्षीय अर्जुन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि अर्जुन रोजाना की तरह ईंट भट्टे पर काम करने के लिए गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं



लौटा। जब परिवार ने उसकी तलाश शुरू की तो ग्रामवासियों से जानकारी मिली कि देवीपुरा नहर के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे, जहां शव की पहचान अर्जुन के रूप में हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक अर्जुन की पत्नी किरण का रो-रोकर बुरा हाल है। अर्जुन का एक छोटा बच्चा भी है। परिवारजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने अर्जुन के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की और शव को नहर के किनारे फेंक दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

# निजी गेहूं मिल में तौल नहीं होने पर प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। औद्योगिक नगरी क्षेत्र में स्थित एक निजी मिल पर गेहूं की तौल न होने से क्षुब्ध किसानों ने मिल के सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि, चार दिन से किसानों को परेशान किया जा रहा है। चार दिन से भीषण गर्मी के बाबजूद किसान यहां पर तौल के इंतजार में खड़े हैं। मगर मिल प्रबंधन को इसकी कोई फिक्र नहीं है। किसानों ने क्षुब्ध होकर मिल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर किसान सुभाष, एहसान, महेंद्र, चंद्रपाल, अशोक आदि मौजूद रहे। इस दौरान मिल के यूनिट हेड अशोक कुमार ने तौल न होने की बात पर कहा कि, मिल के अंदर की चेन टूट गई थी, तो वहीं ऑडिट होने के कारण भी किसानों की तौल नहीं हो पा रही थी। अब कुछ ही समय में किसानों की समस्या का समाधान करके तौल को शुरू कर दिया जाएगा। यूनिट हेड के आश्वासन के बाद ही प्रदर्शन को समाप्त किया।

# कन्या गुरुकुल की छात्रा आर्यान्शी ने योगासन में किया नाम रोशन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित द्वितीय एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में 'कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा' की बीएससी योगा द्वितीय वर्ष का छात्रा आर्यान्शी ने दो प्रतिस्पधाओं आर्टिस्टिक योगासन पंवर व आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप म प्रतिभाग कर-के अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत देश के लिए दो स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। प्राचार्या डॉ. सुमेधा ने आर्यान्शी को बधाई देत हुए छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि, इस चैम्पियनशिप में एशिया के 21 देशों के योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें भारत की तरफ से सभी खिलाड़ियों



ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 83 स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप जीतकर पूरे एशिया में योग का डंका बजाया है। बताया कि आर्यान्शी ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव रोहित कौशिक, कोषाध्यक्ष कोमल चौधरी, सचिव नौवहार सिंह तथा महिला विंग की अध्यक्ष पूनम शर्मा ने भी छात्रा आर्यान्शी को इस सफलता के लिये बधाई दी। कहा कि आज योगासन के क्षेत्र में भारत विश्व में सिरमौर बन चुका है ।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा सोमवार को पक्का कटरा कैथल गेट स्थित श्री पीपीलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 1122 वे संगीतमय श्री सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान शंकर शर्मा एवं आशीष शर्मा रहे, सर्वप्रथम पंडित आयुष्मान उपाध्याय ने विधि विधान पूर्वक सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया इसके उपरांत के जी शर्मा एवं राजेश शखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, एवं बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया ' इसके पश्चात अजय



सक्सेना एवं दीनदयाल शर्मा ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया ' सुंदरकांड के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को बदल दिया ' भजनों की श्रृंखला में के, जी शर्मा ने नगरी होअयोध्या सी रघुवर सा घराना हो, और चरण हो राघव के यहां जहा मेरा ढिकाना हो प्रफुल्ल शर्मा ने, राम नाम के हीरे मोती, बिखराहूं गली गली, विशाल शर्मा ने हे दुख भजन मारुती नंदन सुन लो मेरी पुकार सुन कर सभी को मंत्रमुग्ध किया ' ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी ' इस दौरान रविशकर शर्मा, प्रतीक शर्मा, राकेश मिश्रा, प्रफुल्ल रंजन शर्मा, जे एन मिश्रा, राजीव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, रमेश ग्रेवाल, अशोक पाठक, आलोक दुबे, विजेंद्र मिश्रा, आदि भक्तजन मौजूद रहे अंत में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# गेहूं से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गजरौला। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने संयुक्त टीम के साथ औद्योगिक क्षेत्र में छापेमारी करके गेहूं लदे 35-40 ट्रैक्टर ट्राली पकडे, जिनके पास मंडी से सम्बंधित कागजात थे, उन्हें छोड़ दिया गया जबकि बाकी को पकड़कर मंडी लाया गया और क्रय केन्द्रों पर गेहूं तुलवाई गई। इस मौके पर एसडीएम हसनपुर विभा श्रीवास्तव, हसनपुर मंडी के प्रभारी सचिव संजीव कुमार, नायब तहसीलदार राजपाल गंगवार, मंडी इंस्पेक्टर यश सिंघल व थाना



पुलिस साथ रही। इस कार्रवाई से खलबली मच गई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा अच्छे मूल्य पर क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूं की तौल कराई जा रही है। किसी विचैलिये की कोई भूमिका नहीं है, सीधे पैसे किसान के खाते में पहुंच रहे हैं, इसलिए इधर उधर गेहूं न बेचकर सही व उचित रूप से सरकार द्वारा बनाए गए क्रय केन्द्रों पर ही गेहूं तुलवाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ की एक बैठक

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। सोमवार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 10.05.2025 के सफलता पूर्वक



आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दिनांक- 28.04.2025 को समय 4.30 बजे नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, सुलह समझौते के माध्यम से एवं किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश, चंदौसी, संभल स्थित चंदौसी आरती फौजदार, सिविल जज (सी.डि.)/ए.सी.-जे.एम., संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह, सिविल जज (जू.डि.) जे.एम. दिव्या गर्ग, सिविल जज (जू.डि.), गुन्नौर, बाह्य न्यायालय संभल नाजिम अकबर आदि उपस्थित रहें।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ सम्भल। सोमवार को प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल द्वारा राजकीय आई०टी०आई० बदायूं रोड चंदौसी के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक चला । जिसमें चेकमेट इंडस्ट्रियल गार्ड नोएडा, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, वी0एम0जी0 मार्केटिंग कंपनियों ने प्रतिभाग किया । सभी कंपनियां सुरक्षा गार्ड, मार्केटिंग, ऑफिस अटेंडेंट पदों के लिए साक्षात्कार लिए। रोजगार मेले में 63 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 22 अभ्यर्थियों का प्रथम स्तर पर चयन हुआ। रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग भी की गई, उपस्थित अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल १ड्ड१२ल्लें.४स्त्र.ड्ड५.ल्ल पर अपना पंजीकरण करने की सलाह दी गई। एवं पोर्टल पर आने वाली रिक्तियों के बारे में भी जानकारी दी गई। रोजगार मेले का संचालन जिला सेवायोजन कार्यालय के मेला प्रभारी गौरव पूठिया के द्वारा किया गया एवं सहयोग में प्रदीप कुमार साथ रहे।

### किरन वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चन्दौसी किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी चन्दौसी (रजि) चन्दौसी उ० प्र० के तत्वाधान में रविवार को पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में रविवार को किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी (रजि ) के सदस्यों ने पाकिस्तान मुरदाबाद के नारे लगाते हुए एक आक्रोश मार्च निकाला व श्री गीता सत्संग भवन सीता रोड में आक्रोश मार्च के बाद 2 मिनट का मोनधरण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की । इस दौरान सीमा, मोनिका ,लक्ष्मी, इन्दू ,शीलू, प्रतिभा रूबी ,भक्ति ,पलक आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को लेकर की बैठक

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ .पंकज विश्नोई ने बताया कि एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है जोकि 30 अप्रैल तक चलेगा जबकि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है।



बैठक के अन्तर्गत अंतर्विभागीय कराया जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनबाड़ियों के माइक्रो प्लान को लेकर नाराजगी व्यक्त और जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देशित करते हुए कहा की जो आंगनवाड़ी संचारी अभियान के अंतर्गत कार्य नहीं कर रही हैं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए और संबंधित सीडीपीओ को स्पष्टीकरण जारी किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने साफ सफाई, फॉगिंग तथा झाडी कटान को लेकर निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में इसको लेकर मुनादी करें तथा प्रचार प्रसार करें।

फॉगिंग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एडीओ पंचायत गुन्नौर एवं पवांसा का स्पष्टीकरण जारी किया जाए एवं ग्राम शेरखान सराय के सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोग अभियान में प्रधान रुचि लें नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के द्वारा शासकीय गाइडलाइन का प्रयोग किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी, समस्त एमओआईसी उपस्थित रहे।

# पीड़िता का नाम किया सार्वजनिक षड्यंत्र रचकर वीडियो दिखाकर ठगे गए रुपए, मुकदमा

नेशनल एक्सप्रेस मनीष शर्मा

चन्दौसी (सम्भल) चन्दौसी के मोहल्ला मोती के अंशुल गुप्ता राहुल गुप्ता प्रिया गुप्ता दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।पीड़िता ने बताया गैर कानूनी रूप से आपराधिक षडयंत्र रचकर गैंगरेप पीडिता व उसके परिवारीजन पति अंकुश देवर विनायक, - सास ममता व ससुर श्रवण कुमार पर एक एक लाख रुपए का इनाम गैर कानूनी तरीके से - घोषित कर सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रसार किया। जिसके कारण प्रार्थिया व उसके परिवार का सौहार्य पूर्ण वातावरण बिगाडने व माब लिचिंग के उददेश्य से एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर पकड़वाकर हत्या कराने का षडयंत्र रचकर आपत्ति जनक टिप्पणी के साथ सोशल मीडिया का दुरुप्रयोग वारयल करते हुए बदनाम किया गया है। पीडिता व उसके परिवार का दुप्रचार हो रहा है इसी घटना क्रम में दिनाँक 18/11/2024 को अभि०गण ने 50-50 हजार रुपए का इनाम पुनः गैर कानूनी तरीके से . सोशल मीडिया का दुरुप्रयोग करते हुए वायरल कर घोषित किया है जबकि किसी भी प्रशासनिक एवं सरकारी विभाग से मुल्जिमान ताल्लुक नहीं रखते है और किसी प्राईवेट व्यक्ति को कोई इनाम घोषित करने का अधिकार नहीं है, उक्त सम्बन्ध मे दिनाँक 03/01/2025 को एसएसपी अलीगढ व एसएचओ सिविल लाईन को व्यक्तिगत रूप से एवं बजरिये डाक प्रार्थनापत्र दिया परन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। 4. यह कि उक्त घटना के प्रमाण/साक्ष्य पीडिता पर सुरक्षित है तथा माननीय न्यायालय के अवलोकन हेतु प्रस्तुत किये कि उक्त घटना माननीय न्यायालय के न्यायिक क्षेत्राधिकार में उत्पन्न हुई है और न्यायालय को वाद के श्रवण व निर्णय का क्षेत्राधिकार प्राप्त है।इसके साथ ही श्रीमान जी से प्रार्थना है करी की प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाईन जिला अलीगढ को आदेश दिया जाये कि वह प्रार्थिया की रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना के परिणामो से न्यायालय को अवगत कराये तथा पीडिता व उसके परिवार की जान माल की सुरक्षा की जाए ।पांच लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## लुटती रही आबरू उधर बनती रही वीडियो, न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

सम्भल । चन्दौसी की पीड़ित महिला ने अलीगढ़ अदालत को ली शरण अदालत के आदेश पर सासनी गेट पुलिस ने किया मुकद्दमा दर्ज। मामला पिछले दिनों चर्चा में रहा वायरल वीडियो बताया जा रहा है। चन्दौसी के रहने वाले हैं दबंग और चचाओं में रहने वाले मेधा कारोबारी पर न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो चायरल प्रकरण ने दूसरे पक्ष ने अलीगढ़ न्यायालय के निर्देश पर सासनी गेट थाने में पांच लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। उक्त प्रकरण पिछले दिनों शहर में काफी चर्चा में रहा था। एक पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज होने पर वहा अलीगढ़ चला गया था। अलीगढ़ निवासी महिला ने अलीगढ़ न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि उसका पति अंशुल टनाटन के यहां नौकरी करता था। सूर्या टनाटन व राहुल टनाटन साथ में सट्टे की खाईबाड़ी का कार्य करते हैं। पीड़िता का भी घर में आना जाना था। 26 जून को अंकुश टनाटन की पत्नी ने उसे घर पर बुलाया। रात में 10 बजे महिला को नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उस पर बेहोशी छाने लगी तो प्रिया टनाटन कमरे में लेकर गई तथा पहले से अंशुल टनाटन ने दुष्कर्म किया। जिसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। जबकि पीड़िता हल्की बेहोशी छाने पर वह स्वयं को बया नहीं सकी। इसके बाद आरोपी का पुत्र अंशुल टनाटन ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के होश में आने पर पुलिस में शिकायत करने पर अश्लील वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दी। साथ ही वीडियो वायरल करने की एवज में लगभग एक लाख रुपये दो बार में बसूले।पीड़िता ने आरोप लगाया कि सभी ने षड़यंत्र रचकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रोग्राम बनाया था। आरोप है कि 30 अक्टूबर को पीड़िता के पति की जमकर पीटा और 25 रुपये भी छीन लिए तथा पति का मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद उसके अंतरंग वीडियो उसे व सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिससे उसकी समाज में छवि खराब कर दी। जिससे वह समाज व रिश्तेदारों में मुंह दिखाने लायक नहीं रहीं। इसके बाद अंशुल टनाटन की पत्नी ने पीड़िता, उसके पति व ससुराल वालों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी। न्यायालय के आदेश पर थाना सासनी नेट जनपद अलीगढ़ ने अंशुल टनाटन, उसकी पत्नी प्रिया टनाटन, उसका पुत्र सूर्या टनाटन, भाई राहुल टनाटन व उसकी पुत्री के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित महिला ने डीजीपी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कोतवाली चन्दौसी में दर्ज उसके व परिवार के विरुद्ध मुकदमें की जांच अन्य जनपद की पुलिस से कराने की मांग की बात कही थी । आरोप है कि इन आरोपियों पर चंदौसी कोतवाली पुलिस की मेहरबानी हमेशा से रही है ।जबकि चंदौसी शहर के एक बैंक्वेट हाल में आयोजित जन्मदिन पार्टी में फायरिंग के मामले में दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी। बता दें कि 16 जनवरी को शहर के एक बैंक्वेट हाल में जन्मदिन पार्टी के दौरान रसियन नर्तकियों के नृत्य के बीच फायरिंग भी की गई। इसका वीडियो प्रसारित हो गया। मंगलवार की शाम को अज्ञात के विरुद्ध इस मामले में प्राथमिकी लिखी गई। इसी के साथ दूसरा वीडियो भी प्रसारित हुआ था। जिसमें रायफल से फायरिंग करते लोग नजर आ रहे थे। इस मामले में बुधवार को पुलिस ने सूर्या पुत्र अंशुल टनाटन और उसके चाचा राहुल गुप्ता पुत्र लक्ष्मी टनाटन निवासी मोती मुहल्ला थाना कोतवाली को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराने वाले सीकरी गेट पुलिस चौकी इंचार्ज लाल सिंह राणा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वे हमराही कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार के साथ शहर के ब्रह्मबाजार में गस्त कर रहे थे कि फायरिंग करते हुए वीडियो प्रसारित होने की जानकारी हुई। इसकी जांच में पता चला कि सूर्या टनाटन और राहुल टनाटन द्वारा असलहों से फायरिंग की गई है। मामले में पुलिस ने कार्यक्रम आयोजक अंशुल टनाटन को गिरफ्तार कर लिया। 22 जनवरी 2025 को लेकिन गिरफ्तार करने के बाद प्रभारी निरीक्षक ने आरोपियों को छोड़ दिया था जबकि सामूहिक दुष्कर्म और फायरिंग अश्लील डांस बार में मुकदमा पंजीकृत हैं ।

## यातायात पुलिस ने 75 पटाखे छोड़ने वाले साइलेंसर पर चलाया बुलडोजर



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। सोमवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात संतोष कुमार व यातायात प्रभारी प्रमोद मान की मौजूदगी में 75 पटाखे छोड़ने वाले साइलेंसर पर बुलडोजर चलाया गया तथा इस्लामनगर चौराहे से चारों तरफ 70 मीटर की परिधि निर्धारित की गई तथा वहां से अतिक्रमण हटवाया गया। सभी ठेले वालों इत्यादि को हिदायत दी गई कि चौराहा पर 70मीटर की परिधि में अतिक्रमण नहीं होगा। इसके अतिरिक्त कस्बा संभल में हेवी कमर्शियल वाहनों के लिए वन वे व्यवस्था चालू कराया गया है, जिसमें चौधरी सराय से अंदर कस्बा संभल में जाने वाले हेवी ट्रैफिक को डायवर्सन करके खग्गुपुरा बाईपास से होकर रास्ता दिया जा रहा है। वाजिद पुरम बाईपास से चंदौसी चौराहा तक हेवी ट्रैफिक की नो एंट्री की व्यस्था लागू की गई है। मुरादाबाद और चंदौसी से आने वाला हेवी ट्रैफिक चंदौसी बाईपास से होता हुआ चंदौसी चौराहा से चौधरी सराय चौराहा को बहजोई ,गवां और गजरौला को जाने दिया जा रहा है ।

# दलित युवकों को निर्वस्त्र कर पीटने पर एसएसपी कार्यालय को घेरा

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। थाना लोधा क्षेत्र के खेरेश्वर हाईवे स्थित गॉव जतनपुर चिकावटी के पास महिलाओं से फब्तियॉ कसने और छेड़छाड़ का आरोप लगाकर दलित तीन युवकों को दबंग युवकों द्वारा बे-रहमी से मारपीट करने के मामले में सोमवार का भीम आर्मी, बसपा और सपा के नेताओं ने एसएसपी कार्यालय पर जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया और दबंग युवकों द्वारा निद्वोष युवकों के साथ की गई मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की।






ज्ञात हो कि 26 अप्रैल की अपरान्ह थाना लोधा क्षेत्रान्तर्गत खेरेश्वर हाईवे स्थित गांव जतनपुर के दबंग युवकों द्वारा बन्नादेवी अन्तर्गत नगला कलार निवासी दलित प्रदीप कुमार अपने साथी राहुल पुत्र सूर्यचन्द्र व छविकांत पुत्र सुखपाल चिकावटी के पास सोशल मीडिया के लिए वीडियों बना रहे थे। तभी गांव जतनपुर के कुछ युवक आ गये और तीनों युवकों को घेर लिया तथा बुरी तरह से मारापीटा, आरोप है कि दबंगो युवकों ने तीनों युवकों निर्वस्त्र करके पीटा, जिससे उन्हे गंभीर चोट पहुंची। इस संबंध में पीडित के भाई सुल्तान सिंह सैंकडों ग्रामीणों के साथ एसएसपी कार्यालय पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया तथा मारपीट करने वाले दबंगों युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान मीम आमी के जिलाध्यक्ष नितिन कुमार बसपा के जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम एड. और समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धन्गर अपने सैंकडों कार्यकताओं के साथ एसएसपी संजीव सुमन से मिले और क्षेत्रीय थाना पुलिस पर दूसरे पक्ष से पचास हजार रुपए लेकर पीडितों के खिलाफ मुकद्मा लिखने का आरोप लगाया। नेताओं ने हमलावर युवकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। एसएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते घायल युवकों का डॉक्टरी परीक्षण कराने और आरोपी युवकों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं।

# विश्वविद्यालय मुख चिकित्सा प्रतियोगिता में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के डॉ0 जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज द्वारा मुख चिकित्सा और रेडियोलॉजी विभाग के पोस्टग्रेजुएट छात्रों ने राजस्थान डेंटल कॉलेज, निरवाना विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा आयोजित अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया, और कई पुरस्कार हासिल किये। यह प्रतियोगिता विश्व मुख चिकित्सा और रेडियोलॉजी दिवस के अवसर पर आयोजित की गई थी।



डॉ0 सिदरा (जेआर द्वितीय) और डॉ. सहला (जेआर प्रथम) ने पोस्टर प्रस्तुति श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें उनके गहरे शोध और प्रभावी दृश्य संवाद के लिए सराहना की गई। वहीं, डॉ. निएंगबोई गांगते (जेआर प्रथम) ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें उन्होंने रचनात्मकता और प्रभावी वकालत कौशल का प्रदर्शन किया।

विभागाध्यक्ष रेडियोलोजी विभाग प्रोफेसर डॉ. प्रदूयमन वर्मा को निम्स डेंटल कॉलेज, निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने ह्लप्रे-मैलिग्नेंट लेसन्सः द एल्गोरिथ्म ऑफ देयर मैनेजमेंटह्व शीर्षक से एक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने उपस्थित लोगों को मूल्यवान नैदानिक दृष्टिकोण प्रदान किये। प्रो0 वर्मा ने पोस्टग्रेजुएट छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते उन्होंने कहा कि यह सफलता विभाग की शैक्षिक और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# डीएम की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक सम्पन्न

## मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिक्री पर पूर्णतः लगे अंकुश

नेशनल एक्सप्रेस



अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं की तस्करी पर रोकथाम, अवैध व्यापार पर नियंत्रण एवं जन जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। डीएम ने अन्तर्विभागीय समन्वय एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान से प्रतिबंधित पदार्थों का उपयोग पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही के लिए आपूर्तिकर्ता के स्रोत का पता लगाकर उनके विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि मादक पदार्थों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए जाने के साथ नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवाओं में नशीले पदार्थों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जोकि एक गंभीर समस्या है। मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं उपयोग को रोकते हुए इसके दुष्परिणामों, हानिकारक प्रभावों के बारे में जनसामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बिना चिकित्सक की अनुमति से ब्रिक्री न की जाए। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि अलीगढ़ हरियाणा एवं दिल्ली प्रदेश से सटा हुआ है, जबकि राजस्थान राज्य भी अधिक दूर नहीं है, ऐसे में पुलिस एवं अभिसूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए समय-समय पर इन राज्यों से आने वाली बसों व अन्य वाहनों की चौकिंग कर नशीले पदार्थों की तस्करी की संभावनाओं को शून्य किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल कॉलेजों में नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत नशीली दवाओं पदार्थों के उत्पादन, निर्माण, क्रय-विक्रय, परिवहन, भंडारण, उपयोग और उपभोग, अन्तर्राज्यीय और अंतर्देशीय आयात-निर्यात के अवैध व्यापार पर सख्त निगरानी रखी जाए। नशा मुक्ति केंद्रों एवं पुनर्वास केंद्रों के क्रियाकलापों का समय-समय पर पर्यवेक्षण भी किया जाए। एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम ने कई महत्वपूर्ण छापेमारी अभियान में जब्त नशीले पदार्थों के बारे में जानकारी दी। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एडीएम वित्त मीनू राणा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी0के0 राजपूत, जिला आबकारी अधिकारी डी0के0 गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सर्वदानन्द, आबकारी निरीक्षण कौशल कुमार, राजीव कुमार, वरूण नायक, सविता रानी, नगेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक नारकोटिक्स सेल संजीव कुमार, समेत अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# रामजीलाल सुमन पर भड़के योगी के मंत्री रघुराज सिंह

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। योगी सरकार में मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह ने रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमला करने वाले युवकों की तारीफ की। उन्होंने कहा- इसके साथ ऐसा होना स्वाभाविक है, ये मुगलों की नाजायज औलाद हैं। क्योंकि ये अपने बाप को बाप कहने को तैयार नहीं, वोट के लिए आक्रांताओं को अपना बाप मानते हैं, ये देश में जहॉ जाएंगे इनके साथ तो ऐसा ही होगा।




ठाकुर रघुराज सिंह ने कहा मैं उन बच्चों की तारीफ करता हूॅ, उन्होंने बिल्कुल सही किया। इन्हें हर मोर्चे पर विफल करना चाहिए। उन्होंने कहा राणा सांगा ने 80 घाव लगने के बावजूद देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज भी देशभक्तों को वैसा ही जज्बा दिखाना चाहिए। रघुराज सिंह ने कहा कि मैं रामजी लाल सुमन से पूछना चाहता हूॅ कि इनके कितने बाप-दादा ने स्वतंत्रता सैनानी हुए। कितने रणबांकुर हुए, इन्होंने देश के लिए कितनी लड़ाई लड़ी। ये केवल अपनी जीभ चला सकते हैं।

आने वाले चुनाव में अखिलेश को दिखा देंगे कि जिस गॉव में 10 ठाकुर हैं वो भी 100 वोट डलवाने की हैसियत रखते हैं। ठाकुरों से पंगा लेना ठीक नहीं है, हालात खराब होगी। राज्यमंत्री ठाकुर रघुराज सिंह ने कहा था कि जो देश का खाते हैं और मुगलों का गाते हैं। ऐसे लोग बेईमान हैं, देश के गद्दार हैं। मुगलों के समय भी देश में गद्दार थे और अंग्रेजों के समय में भी गद्दार रहे हैं। ऐसे लोग अब भी हैं। खुद को राज्यसभा सांसद कहने वाले रामजीलाल सुमन को बिल्कुल भी शर्म नहीं है। हमारी जो संस्कृति बची हुई है, केवल रणबांकुरों के कारण बची है। ऐसे गद्दारों के कारण देश 25 बार कटा और बंटा, लेकिन ठाकुरों ने हमेशा इसकी रक्षा की।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ दिखी एकजुटता, बाजार व स्कूल रहे बंद

नेशनल एक्सप्रेस

अलीगढ़। एक दिन बंद की घोषणा के बाद सोमवार को प्रमुख बाजार की दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं। रेलवे रोड, महावीरगंज, सरार्फा मार्केट, क्वासीगंज, जयगंज, मदार गेट, द्वारिकापुरी, सरायकी किराना मंडी, पत्थर बाजार आदि इलाकों में सभी प्रतिष्ठान, शोरूम, रेस्टोरेंट भी बंद रहे।








पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सोमवार को अलीगढ़ शहर में अभूतपूर्व बंद रहा। विभिन्न व्यापारी संगठनों, पब्लिक स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर इस हमले की कड़ी निंदा की और भारत सरकार के साथ मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया। जामा मस्जिद कमेटी और शहर मुफ्ती मोहम्मद खालिद हमीद ने भी लोगों से बंद का पुरजोर समर्थन करने की अपील की। शहर के मुख्य बाजार रेलवे रोड, महावीरगंज, सरार्फा मार्केट, क्वासीगंज, जयगंज, मदार गेट, द्वारिकापुरी, सरायकी किराना मंडी, पत्थर बाजार, सेंटर पॉइंट, मैरिस रोड और रामघाट रोड सहित अन्य इलाकों में सभी प्रतिष्ठान, शोरूम, रेस्टोरेंट और दुकानें पूरी तरह से बंद रहीं। इस दौरान लोगों में जबरदस्त एकता और पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया और शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिख रहा है।

## संपादकीय

# 'आतंकिस्तान' का कबूलनामा

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा 'गंदा धंधा' कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा 'टैऊक रिकार्ड' (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।' बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर 'आतंकवादी' थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को 'नंबर 1 दुश्मन' मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के 'स्काई टीवी' के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है।

बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह 'नंगई वाला बयान' है। अफगानिस्तान में लडने के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी 'स्वतंत्रता सेनानी' मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढने वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के 'आईएसआई सेफ हाउस' में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था।

बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को 'ग्रे लिस्ट' में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती। आईएमएफ और विश्व बैंक के कजऱ् मिलना तो बहुत दूर की कौड़ी है। पहलगाम नरसंहार के बाद प्रशासन ने स्थानीय 6 आतंकियों के घर नेस्तनाबूद कर दिए हैं, उन्हें मलबा या राख कर दिया गया है। करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और 14 स्थानीय आतंकियों की सचित्र सूची जारी की गई है। हम उन्हें ही 'जयचंद' करार दे रहे हैं। वे सभी पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से जुड़े रहे हैं। एजेंसियों ने 64 'जयचंदों' के घरों में छापे भी मारे हैं। बेशक भारत-पाकिस्तान के बीच 'युद्ध' की स्थितियां बन चुकी हैं। इनकी नियति अभी तय होनी है।

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी



ललित गर्ग

> भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है।

पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरु कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरु कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पर्दापाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है।

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूंबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है।



दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसल्ले वाले महानायक है।

पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है।

पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। मोदी सरकार के लिए यह दिखाना जरूरी हो गया है कि वो इस मामले को लेकर वाकई गंभीर है। जैसे-जैसे पर्यटकों के शव उनके परिवारों तक पहुंच रहे हैं और उनके अंतिम संस्कार के भावुक एवं मार्मिक दृश्य प्रसारित हो रहे हैं- सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा खासतौर पर इस तथ्य से और बढ़ गया है कि आतंकवादियों ने पहले पुरुषों का धर्म जानना चाहा और उन्हें उनके परिवार के सामने गोली मार दी।

पहलगाम घटना ने कश्मीर की रोजी-रोटी पर आंच पहुंचायी है, वहां की शांति को लीला है। यही कारण है कि पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के आम लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध-प्रदर्शन किया है। राज्य में बंद रहा, लोगों ने विरोध मार्च निकाले और यहां तक कि कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने विरोध के तौर पर अपने मुखपृष्ठ को स्याह रंग से पोत दिया। आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। क्योंकि तब हम केवल उस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों का मकसद है- भारत को विभाजित करना। भारत की एकता, कश्मीर की शांति एवं विकास एवं आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिये अब पाकिस्तान को केवल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनयिक एवं वैश्विक दबाव से पंगु बनाना होगा। पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है। सिंध एवं बलुचिस्तान अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, आजाद कश्मीर को भारत में मिलाने की जरूरत है। इस रणनीतिक एवं कूटनीतिज्ञ उद्देश्य के लिये एक दूरगामी, बहुआयामी एवं निर्णायक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसकी पहल लक्षित सर्जिकल स्ट्राइक और प्रमुख आतंकी सरगनाओं को मिटाकर आतंकी केन्द्रों को ध्वस्त करके ही हो सकती है।न

## 29 अप्रैल : इतिहास की अहम घटनाएं

- 1903 30 मिलियन क्यूबिक मीटर के भूस्खलन ने फ्रैंक, नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के शहर को दफन कर दिया, और शहर के निवासियों में से कम से कम 70 को मार डाला, जिससे यह कनाडा के इतिहास में घातक भूस्खलन हो गया।
- 1910 यूनाइटेड किंगडम की संसद ने पीपुल्स बुडगेट को पारित किया, ब्रिटिश इतिहास में पहला बजट ब्रिटिश जनता के बीच धन के अविरल योगदान के इरादे से था।
- 1946 सुदूर पूर्व के लिए अंतर्राष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण ने हिदेकी तोजो और 27 अन्य जापानी नेताओं को युद्ध अपराधों के लिए प्रेरित किया।
- 1965 पाकिस्तान के अंतरिक्ष और ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग ने अपने सातवें रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया।
- 1968 विवादास्पद म्यूजिकल हेयर, 1960 के हिप्पीकाउंटर-संस्कृति और यौन क्रांति का एक उत्पाद, ब्रॉडवे पर बिल्टमोर थिएटर में खोला गया, जिसमें इसके गाने थेन्ती-वियतनाम युद्ध आंदोलन के गान बन गए।
- 1970 वियतनाम युद्ध-दक्षिण वियतनामी सेना ने कम्युनिस्ट जंगल के ठिकानों पर हमला करने के लिए कंबोडिया में घुसपैठ शुरू की।
- 1991 बंगलादेश के चटगांव मे आए एक चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए।
- 1991 क्रोएशिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1991 बांग्लादेश में चक्रवात का हमला, 139,000 लोग मारे गए / 10 लाख बेघर
- 1992 27 वें एकेडमी ऑफ कंट्री म्यूजिक अवाड्र्स: गार्थ ब्रूक्स।
- 1993 पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा।
- 1994 इज़राइल और पीएलओ आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं।
- 1997 1993 के रासायनिक हथियार सम्मेलन प्रभावी रूप से चले गए, जो हथियारों के नियंत्रण समझौते की पुष्टि करने वाले देशों के रासायनिक हथियारों के उत्पादन, संग्रहण और उपयोग को बढ़ाता है।
- 1997 रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लागू।
- 2006 पाकिस्तान ने हत्फ़-6 का परीक्षण किया।
- 2010 आर्थिक नुकसान माउंट और क्लास एक्शन मुकदमे दायर किए जाते हैं क्योंकि अमेरिकी तटरक्षक ने दीपवाटर होराइजन आपदा से तेल निकालने के लिए एक नियंत्रित जला योजना बनाई।
- 2011 ब्रिटिश राजकुमार प्रिंस विलियम और केट मिडलटन का विवाह हुआ।
- 2012 जासूसी के आरोप में, सूडान ने दक्षिण सूडा के साथ विवादित सीमा क्षेत्र में चार विदेशियों को गिरफ्तार किया।
- 2013 बोस्टन मैराथन बमवर्षक और इस्लामिक आतंकवादी दोज़खार ज़ारनेव के अभियोजन पक्ष ने पैरोल के बिना जेल में जीवन के बदले मौत की सजा से बचने के लिए एक याचिका पर चर्चा की।
- 2013 एनबीए लीग की एक समिति ने एनबीए मालिकों को क्रिस हैनसेन और स्टीव बाल्मर के नेतृत्व में एक समूह से बड़े को अस्वीकार करने के लिए सैक्रामेंटो किंग्स को खरीदने और सिएटल में स्थानांतरित करने की सिफारिश की।
- 2014 एक आंशिक सूर्य ग्रहण लगता है, जो केवल ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका के कुछ क्षेत्रों से देखा जा सकता है; कुंडलाकार ग्रहण का गठन किया गया था क्योंकि चंद्रमा ने सूर्य के केंद्र को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे सौर किरणों की एक अंगूठी निकल गई।
- 2014 2015 में होने वाली 'स्टार वार्स' श्रृंखला में अगली फिल्म के लिए कलाकारों की घोषणा की गई है; कलाकारों में कुछ मूल कलाकारों के साथ-साथ फ्रेंचाइज़ी के नए कलाकार भी शामिल हैं।

## समसामयिक

# पहलगाम हमले पर अमेरिकी रुख का मतलब



ऋषभदेव शर्मा

**पहलगाम** आतंकी हमले पर अमेरिका ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और भारत के साथ मजबूत समर्थन व्यक्त किया है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का जो संदेश निहित है, सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि सारी दुनिया के लिए वह बहुत मानीख़ेज़ है। ग़ौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले को ''जघन्य'' करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और भारत को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने इसे ''भयानक इस्लामिक आतंकी हमला'' बताया और आतंकियों को पकड़ने में भारत की मदद करने की बात कही। यह दर्शाता है कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है; खासकर जबकि हमला लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े टीआरएफ जैसे संगठन ने किया है, जो वैश्विक आतंकी नेटवर्क से संबंधित है।

अमेरिका ने हमले में पाकिस्तान की भूमिका पर सीधा जवाब देने से बचते हुए भी, परोक्ष रूप से पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने का संकेत दिया है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने पाकिस्तान की जवाबदेही पर एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल को खारिज कर दिया। इसके अलावा, हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कड़े कदमों का भी अमेरिका मौन समर्थन करता दिखाई दे रहा है। चाहे वह सिंधु जल संधि को निलंबित करना हो या अटारी बॉर्डर को बंद करना। यह इंगित करता है कि अमेरिका आतंकी संगठनों पर अंकुश लगाने के लिए पाकिस्तान पर अप्रत्यक्ष रूप से दबाव डाल रहा है।

सयाने बार-बार यह ध्यान दिला ।रहे हैं कि यह हमला अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुआ। यह भी कि यह हमला अमेरिका पर यह जताने कोशिश हो सकता है कि कश्मीर अभी भी अशांत है। अमेरिका का खुला समर्थन भारत के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा - खासकर इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के खिलाफ सहयोग के संदर्भ में। ट्रंप प्रशासन की नीतियाँ जो पहले से ही पाकिस्तान के प्रति सख्त रही हैं, इस रुख को और पुष्ट करती हैं।यह भी कोई आम बात नहीं कि अमेरिका ने न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया की उस रिपोर्ट की आलोचना की, जिसमें हमलावरों को ''मिलिटेंट'' कहा गया था। अमेरिकी हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी ने स्पष्ट किया कि यह ''आतंकी हमला'' था। यह दिखाता है कि अमेरिका आतंकवाद को सही परिभाषा देने और वैश्विक स्तर पर इसकी निंदा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे भारत की स्थिति को बल मिलता है। याद रहे कि अमेरिका ने आतंकियों को पकड़ने में भारत की मदद करने का वादा किया है, जिसमें खुफिया जानकारी साझा करना शामिल हो सकता है। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन आक्रमण'' जैसे युद्धाभ्यास और मिसाइल परीक्षणों को अमेरिका ने परोक्ष समर्थन दिया। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को दर्शाता है। इससे आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को बढ़ावा मिल सकता है।

अमेरिका का रुख स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में है, जो आतंकवाद के खिलाफ उसकी सख्त नीति और भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। यह समर्थन न केवल नैतिक और कूटनीतिक है, बल्कि खुफिया और सैन्य सहयोग के रूप में व्यावहारिक भी हो सकता है। साथ ही, इससे पाकिस्तान पर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अप्रत्यक्ष दबाव पड़ता है। अमेरिका का यह रुख भारत-अमेरिका संबंधों को और गहरा करने, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग बढ़ाने और दक्षिण एशिया में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक सकारात्मक संदेश देता है।

# भारत की एकता, अखंडता से स्वाधीनता अवलंबित



संजीव ठाकुर

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं ।कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि ''भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है'।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है।



इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई

और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है। जब तक हम एकता के सूत्र में बंधे तब तक हम मजबूत एवं शक्तिशाली हैं और जब हम खंडित या विघटित हुए तब तब देश कमजोर हुआ है। अब हमें इन विघटनकारी ताकतों और विध्वंस कारी शक्तियों को नियंत्रण में लाकर इन्हें देश से बाहर भगाना होगा और इन पर प्रभावी नियंत्रण कर के देश की संप्रभुता एकता को बनाए रखना होगा। इसके लिए देश के संचार माध्यम, मीडिया, साहित्यकारों, कलाकारों को राष्ट्रीय एकता के लिए अपने को समर्पित भाव से सामने लाकर देश की सेवा करनी होगी।

## खबरें फटाफट

### सरकारी कॉलोनी हड़पने के लिए बहन को किया घर से बाहर

कानपुर। एक बहन अपने भाई के लिए जहाँ सब कुछ छोड़ देती है, लेकिन कुछ ऐसे भी भाई है जो अपना हिस्सा तो लेते ही है साथ ही बहन का हिस्सा भी हड़प लेने में कोई गुरेज नही करते। ऐसे ही एक कलयुगी भाई ने मकान हड़पने की नियत से अपनी बहन को घर मे घुसने नही दिया। जब बहन ने विरोध किया तो बहन के साथ गाली गलौज के भगा दिया। बहन ने मामले की लिखित शिकायत श्रम विभाग में की है। विभाग द्वारा सरकारी मकान पर अवैध कब्जा करने और सरकारी सम्म्पति को बेचने के प्रयास को लेकर जांच करने में जुट गया है। गुरुवचन कौर पुत्री ज्ञान सिंह निवासी 24/10 चरण सिंह कॉलोनी में रहती थी। गुरुवचन कौर के पिता ज्ञान सिंह की मृत्यु वर्ष 1984 में हो गई है जबकि माँ वरयाम कौर की मौत वर्ष 1996 में हो चुकी है।

शादी के बाद गुरुचरन कौर दिल्ली चली गई, लेकिन बीच बीच मे वह कॉलोनी की देखभाल करने आती रहती है। जिसको लेकर उसका छोटा भाई महेंद्र पाल सिंह जो कि पेशे से टेम्पो ड्राइवर है और शराब पीने का आदि है साथ ही कई बार पड़ोसियों से भी झगड़ा कर चुका है। शराब की लत के चलते वह कॉलोनी को बेचने की नीयत बना चुका है। जब बहन ने कॉलोनी में जाने की कोशिश की तो उसने घर मे घुसने तक नही दिया और कॉलोनी को बेचने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर गुरुवचन व उसके पति को भगा दिया।

### 65 वर्षीय किसान का शव के बाहर बबूल के पेड़ पर लटका मिला गांव

कानपुर देहात रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के गडरियन पुरवा गांव में एक दुखद घटना सामने आई। यहां 65 वर्षीय किसान रामगोपाल का शव गांव के बाहर बबूल के पेड़ पर लटका मिला। सुबह खेतों में भूसा भरने गए किसानों ने शव को देखा और परिजनों को सूचना दी। मृतक के दो पुत्र और एक विवाहित पुत्री हैं। बड़े पुत्र संजय की शादी हो चुकी है।

छोटे पुत्र रत्नेश का तिलक एक दिन पहले ही औरैया जनपद से आया था। रात में तिलक कार्यक्रम के बाद सभी परिजन सो गए थे। सुबह यह दुखद खबर मिली। परिजनों ने 112 पीआरबी पुलिस को सूचना दी। असालतगंज चौकी प्रभारी मिलन सिरोही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। रसूलाबाद कोतवाल अनिल कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है। उप निरीक्षक मिलन सिरोही ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना के बाद मृतक की पत्नी सावित्री, पुत्री प्रीति और दोनों पुत्र गहरे शोक में हैं।

### भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन का सातवां राष्ट्रीय अधिवेशन एवं 29वी वर्षगांठ का हुआ आयोजन*

कानपुर-लाजपत भवन मोतीझील में भारतीय खाद्य निगम श्रमिक संगठन का सातवां एवं 29वी वर्षगांठ पर राष्ट्रीय अधिवेशन सोमवार को आयोजित हुआ अधिवेशन का उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू एवं राष्ट्रीय महामंत्री तारणी कुमार पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम में पूरे देश से यूनियन के सदस्य पहुंचे थे.कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपर श्रमायुक्त कार्यालय सर्वोदय नगर से रैली निकाली गई रैली अनेक क्षेत्रों से होते हुए लाजपत भवन पर समाप्त हुई जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की इसके पश्चात कई संगठनों से आए समस्त सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# इंस्पेक्टर प्रदीप की गहन जांच पर निर्भर गोविंद नगर के आत्महत्या मामले में कार्रवाई, हिरासत में आरोपी





नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर। यहां गोविंद नगर के बहुचर्चित राजेश यादव आत्महत्या मामले में सुसाइड नोट और गहन छानबीन से निकले नतीजे के आधार पर आरोपी विनोद यादव को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू की है, जिसके आधार पर ही अगली कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इस मामले में मृतक के भाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की जानकारी देते हुए मामले में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि 36 साल के राजेश यादव ने नहर पटरी विवेकानंद नगर दादानगर थाना गोविन्द नगर पर अपने घर के एक कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतक राजेश की मृत्यु लटकने के कारण हुई है।

मामले की गहन छानबीन के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाने की जानकारी देते हुए गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मृतक राजेश यादव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था, जिसमें किसी विनोद यादव नाम के व्यक्ति का ज़िक्र था जिससे पैसे के लेन देन का विवाद होने के कारण परेशान करना अंकित किया गया था, जिसके फलस्वरूप मृतक द्वारा कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या की गई है।

अपने गोविंद नगर की अब तक के कार्यकाल में छोटी बड़ी सभी घटनाओं की सटीक खुलासे के साथ ही संबंधित अपराधियों को भी जेल भेज चुके इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि मृतक के बड़े भाई अवधेश के अनुसार मृतक राजेश यादव छोटा मोटा कंस्ट्रक्शन का कार्य करता था। मृतक के भाई अवधेश की तहरीर पर आरोपी आरोपी विनोद यादव पुत्र सूर्यवीर यादव निवासी टीकर माफ़ी अमेठी हॉल बगाही भट्ठा बाकरगंज बाबूपुरवा को अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछतांछ किए जाने की जानकारी देते हुए गोविंद नगर के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी कला का पुरवा गॉब में प्लॉट ले रखा है। उसी प्लॉट में कंस्ट्रक्शन का काम मृतक राजेश यादव द्वारा आरोपी से ठेके पर लेकर निर्माण किया जा रहा है। उसी के संबंध में लेंन देन हुआ था। गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को विरासत में लेकरकी जा रही गहन पूछताछ जांच पड़ताल से निकले नतीजे के आधार पर ही अगली कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में निहत्थे मासूमों की शहादत से सम्पूर्ण देश शोकाकुल है। यह हमला न केवल निर्दोष जानों की हत्या है, बल्कि पूरी इंसानियत पर किया गया क्रूरतम प्रहार है। इस भीषण त्रासदी के विरोध में पत्रकार प्रेस एसोसिएशन ने सिटी पब्लिक स्कूल हुमायूँ बाग चमनगंज से कैंडल मार्च निकालकर हलीम कॉलेज चौराहे तक पहुंच कर श्रद्धांजलि शोक सभा का आयोजन किया गया। डॉक्टर शाहनवाज खान ने कहा:₹पहलगाम में हुए इस आतंकी हमले से देश का हर नागरिक आहत है। यह हमला इस्लाम के नाम पर इंसानियत की हत्या है, जिसे किसी भी धर्म या इंसानियत के नाम पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। आतंकवादियों ने यह साबित कर दिया है कि उनका इस्लाम या इंसानियत से कोई सरोकार नहीं है।

# हर्षोल्लास के साथ श्री बालाजी महोत्सव मनाया गया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आपको बताते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि श्री बालाजी भक्त परिवार समिति (पंजी.) के तत्वाधान में श्री बालाजी महाराज पटकापुर वाले का 9 वाँ श्री बालाजी महोत्सव 27 अप्रैल 2025 दिन रविवार को बड़े ही धूम-धाम से नानाराव पार्क मॉल रोड में मनाया जा रहा है जिसका आयोजन आज रविवार को किया गया। वही कार्यक्रम संयोजक महंत अनुभव पांडेय ने बताया कि श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार, छप्पन भोग, इत्र पुष्प वर्षा, अदभुत चोला, नृत्य नाटिका, अखंड ज्योति एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्री बालाजी महाराज का विधि - विधान से पूजा अर्चना कर किया गया जो प्रभु की इच्छा तक चलेगा । वही कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महिला मंडल द्वारा महारास एवं नवीन म्यूजिकल ग्रुप रहा । आज भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी (जयपुर), भजन गायक अंशु पागल (लखनऊ), अभिषेक शुक्ला (कानपुर), मुकुल बंधु (कानपुर), देवा शुक्ला (कानपुर) के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हुआ वही श्री बालाजी महाराज के भजनों से भक्तगण झूमने को मजबूर हुए।

आज इस कार्यक्रम में शहर के सांसद , विधायक एवं मंदिर के महंत सहित गणमान्य लोग श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे जहां उनको पटका पहनाकर एवं श्री बालाजी महाराज की फोटो फ्रेम देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम संयोजक अनुभव पांडे ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहां की अब समय आ गया है कि आतंकवाद की सहायता, समर्थन और बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएं वही सभी दिवंगत पर्यटकों की आत्माओं को श्री बाला जी महाराज शांति प्रदान करे।

# एसपी ने सिकंदरा थाना कार्यालय का निरीक्षण किया व कर्मियों से बात चीत कर, दिये दिशा निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा ने थाना सिकंदरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।एसपी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, हवालात, थाना परिसर, भवन और भोजनालय का निरीक्षण किया। कार्यालय में अभिलेखों और माल मुकदमाती के रखरखाव की स्थिति की जांच की।

उन्होंने थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के समयबद्ध और नियमानुसार निस्तारण के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए। थाना कार्यालय के कर्मियों से बातचीत कर उन्हें कार्य संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके बाद एसपी ने कस्बा सिकंदरा में पैदल गश्त की। स्थानीय व्यापारियों और प्रमुख नागरिकों से मिलकर थाना पुलिस के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। लोगों ने बताया कि थाना प्रभारी सहित पूरा स्टाफ जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करता है।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी सिकंदरा संजय वर्मा, थाना प्रभारी महेश कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि एसपी मिश्रा ने पहले ही सभी थाना प्रभारियों को चेतावनी दी है कि अधिक शिकायतें मिलने पर वह स्वयं समीक्षा करेंगे।

## आगरा से वाराणसी जा रही यात्री बस डंपर से टकरा, हादसे में 27 यात्री घायल

कानपुर देहात रनियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंटोरा पुल पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। आगरा से वाराणसी जा रही यात्री बस डंपर से टकरा गई। हादसे में 27 यात्री घायल हो गए, जबकि एक यात्री ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

सोमवार तड़के करीब साढ़े 12 बजे आगरा से वाराणसी जा रही यात्री बस जैसे ही मंटोरा पुल के पास पहुंची, तभी चालक को झपकी आ गई। जिससे बस अनियंत्रित हो गई। पुल पर चढ़ते समय बस सामने चल रहे डंपर से भिड़ गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए सभी घायलों को जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा। जहां इलाज के दौरान आगरा निवासी 60 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद की मौत हो गई।

### आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान जाने की

## विभत्स घटना के प्रति रोष जताने हेतु प्रार्थना सभा एवं कैंडल मार्च निकाला



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा आज दिनांक 27 अप्रैल 2025 दिन रविवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की जान जाने की विभत्स घटना के प्रति रोष जताने हेतु प्रार्थना सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया। यह घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है। इस हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल सहित कई पर्यटक मारे गए। इस वीभत्स कृत्य की हम कड़ी निंदा करते हैं और इसे मानवता के खिलाफ अपराध मानते हैं।

*आईएमए कानपुर ने इस दुखद घटना के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने हेतु एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस अवसर पर आईएमए कानपुर के सभी सदस्यों ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।*

*हमारी मांग है कि सरकार इस हमले के दोषियों को शीघ्र ढूंढ कर कड़ी सजा दिलाए और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर शांति और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें।*

*आईएमए कानपुर के सभी सदस्य इस दुखद घड़ी में पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।*

## आज का राशिफल





ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

मेष - अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

वृष - अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

मिथुन - बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कर्क - अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

सिंह - दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

कन्या - सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

तुला - भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा।

वृश्चिक - व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

धनु - खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

मकर - मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा।

कुम्भ- शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मीन - स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

# कानपुर प्रेस क्लब में विशाल दंत परीक्षण शिविर एवं दवा वितरण कैंप का आयोजन




नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर। कानपुर प्रेस क्लब के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद, कानपुर द्वारा रविवार को प्रेस क्लब कार्यालय, नवीन मार्केट में एक विशाल दंत परीक्षण शिविर एवं दवा वितरण कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों पत्रकार, छायाकार बंधुओं एवं उनके परिजनों ने कैंप का लाभ उठाया। शिविर में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. नितेश सिंह कुशवाहा ने मरीजों को परामर्श प्रदान किया और निशुल्क दवाओं का वितरण किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, मंत्री शिवराज साहू, मंत्री मोहित दुबे, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य पत्रकार चंदन जायसवाल , आनंद शर्मा, जहिर खान, रवि शर्मा, आलोक पांडे, कस्तुभ मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार रवि गुप्ता हनुमान सिंह पिंटू के के साहू संजय गुप्ता मो. आमिर शशांक शुक्ला नौशाद खान कार्यकारिणी सदस्य रोहित निगम सहित कई पत्रकार बंधु और वरिष्ठ जन मौजूद रहे । वहीं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद से कोर कमेटी सदस्य अमित राजपूत, अनुराग राजपूत, मोहित राजपूत, राष्ट्रीय शिक्षा सलाहकार डॉ. पंकज वर्मा, जिला सह प्रभारी सौरभ पांडे एवं रजत राजपूत सहित दर्जनों कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य पत्रकारों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना था।

# रोजगारपरक शिक्षण चुनौतियों पर हुई चर्चा




नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर। किदवई नगर में सोशल रिसर्च फाउंडेशन के तत्वावधान मे समसामयिक विषय आवश्यकता व चुनौतियों पर चर्चा*₹रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था : आवश्यकता एवं चुनौतियाँ₹ पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने विशिष्ट योगदान के लिए दिल्ली, पंजाब ,राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, उन्नाव, प्रयागराज, कानपुर आदि से आए लगभग 15 विद्वतजनों को सम्मानित भी किया गया।

संगोष्ठी का उद्घाटन अमेरिका से आई "Ohio University, USA की रिसर्च साइन्टिस्ट डॉ लेखा मिश्रा, हमीरपुर जिला कारागार के अधीक्षक मजीव विश्वकर्मा, कानपुर परिक्षेत्र के उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो मुरलीधर राम गुप्ता, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित के. ए. दुबे "पद्मेश" के कर कमलों से हुआ। मुख्य अतिथि लेखा मिश्रा जी ने रोजगारपरक शिक्षण व्यवस्था के क्षेत्र में किए जाने वाले प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक ओर जहा शिक्षा व्यवस्था रोजगार के अवसरों से भरपूर होनी चाहिए वही रोजगार पाने वाले मे भी कार्य करने की ईमानदार चाहत होनी चाहिए। उच्च शिक्षा के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं– नई शिक्षा नीति ऐसे प्रयासों का प्रमाण है। हमारे प्रयासों से शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम आने लगेंगे।

सोशल रिसर्च फाउंडेशन की उपाध्यक्ष, महिला महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ० आशा त्रिपाठी ने सभी सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उच्च शिक्षा में व्याप्त प्रदूषण की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह एक चिंतनीय यक्ष प्रश्न है जिसका उत्तर हमें खोजना होगा।

संस्था के संस्थापक सचिव राजीव मिश्रा ने संस्था की 15 वर्षों की गौरवमयी यात्रा का विस्तृत परिचय दिया और बताया कि संस्थान के साथ जुड़कर इस देश के लाखों शिक्षक गण लाभान्वित हो रहे हैं। संस्थान के 6 रिसर्च जर्नल विश्व के 25000 जनरल्स के मध्य स्थान रखते हैं जो कानपुर के लिए भी एक गौरवपूर्ण बात है।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो0 मुरलीधर राम गुप्ता जी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षा को और ज्यादा समावेशी, प्रभावी, रोजगारपरक और बेहतर बनाना है। यह 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है। इस नीति का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है। उन्होंने शिक्षकों से सकारात्मक सहयोग का आवाहन भी किया।

हमीरपुर जिला कारागार के अधीक्षक श्री मँजीव विश्वकर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति ऐसी शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है जो विज्ञान के साथ-साथ ज्ञान से भी परिपूर्ण है, परंतु सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव और नैतिकता के ह्रास के चलते अब व्यक्ति कड़े परिश्रम के बजाय शॉर्टकट अपनाता है और कभी भी बेईमानी करके कोई अच्छे रोजगार का अवसर नहीं प्राप्त कर सकता है ।

# समस्याओं को लेकर सफाई कर्मचारियों ने मेयर व नगर आयुक्त का घेराव कर प्रदर्शन किया



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। नगर निगम बोर्ड बैठक से पहले सफाई कर्मियों ने ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर महिला कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और असुरक्षा का आरोप लगाते हुए ठेकेदारी खत्म करने की मांग उठाई। हंगामे के चलते बैठक समय पर शुरू नहीं हो सकी।

ठेका सफाई व्यवस्था और अन्य समस्याओं के विरोध में नगर निगम में सफाई कर्मचारियों ने धरना दिया। मेयर और नगर आयुक्त के बोर्ड बैठक में पहुंचनें पर उनका घेराव कर सफाई कर्मियों ने नगर निगम हाय हाय के नारे लगाए सफाई कर्मचारियों ने कहा कि महिलाओं को सफाई के लिए सुबह साढ़े चार बजे बुलाना बंद किया जाए। सफाई कर्मचारियों ने इसके बाद अपर नगर आयुक्त का घेराव किया।

नगर निगम बोर्ड की बैठक निर्धारित समय से पौने दो घंटे देर से शुरू हो सकी। बोर्ड की बैठक के दौरान नगर निगम कार्यालय गेट पर विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने अपर नगर आयुक्त का घेराव किया इस दौरान नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और प्रदर्शन करने के दौरान वहीं पर धरना देकर बैठ गए। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ रजि0 उत्तर प्रदेश द्वारा सफाई कर्मचारी की मांग राहत अधिकारों को लेकर उनकी गंभीर मूल का नोटिस देने के संबंध में समस्याओं की 48 घंटे में विस्तार करने की मांग की महिला सफाई कर्मचारी की ड्यूटी का समय प्रातः 5 बजे से प्राप्त सात बजे तक किया जाए।

माननीय मुख्यमंत्री के आदेश के द्वारा नगर निगम,नगर पालिका एंव नगर पंचायत से बिचोलिया ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर ठेकेदार का ऐका निरस्त किया जाए, अपनी कई सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन व हड़ताल जैसी कार्रवाई के लिए बाध्य होगा।

जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम व जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान लल्ला बाबू, ओमीलाल बाल्मीकि प्रदेश अध्यक्ष, मुरारीलाल शेषन, नीरज पाराशर जिला अध्यक्ष स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ,सुनील लशकरी, रवि द्रविड आदि।

# चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बिलारी। वादिनी मिथलेश पत्नी चरन सिंह निवासी कुम्हारो वाली गली गजरौला जनपद अमरोहा की तहरीर अज्ञात चोरो द्वारा वादिनी के बैग की जेब से वादिनी की सोने की चैन चुरा कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिलारी पर मुकदमा अज्ञात पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण,वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बिलारी के कुशल मार्ग दर्शन में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना बिलारी पुलिस द्वारा प्रकाश में आये मुन्तयाज पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी गनीमतनगर शाहपुर का मजरा थाना भोजपुर और नबीजान पुत्र हबीब निवासी ग्राम शाहली शाहबाजपुर थाना भोजपुर व जुल्फिकार पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी ग्राम गनीमतनगर शाहपुर का मंजरा थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की एक चैन के तीन टुकडे ,पीली धातु व सात हजार साठ रुपये बरामद किये गये।

पुलिस ने तीनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमले का आरोपी को भेजा जेल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

भोजपुर। सोमवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक महेश पाल मलिक ने मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी मुंतसर पुत्र भूरा कुरैशी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। चार भाईयों के खिलाफ कस्बे के ही अनस ने पिता अतीक कुरैशी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। तीन भाईयों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दो आरोपियों की अदालत से जमानत हो चुकी है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कांठ। वादी निवासी थाना कांठ क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में सोमवार को थाना कांठ पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित पुत्र जसराम निवासी मौहल्ला पट्टीवाला कस्बा काँठ व थाना काँठ जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### डीआईओएस द्वारा विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता को जांचा



**नेशनल एक्सप्रेस आसिफ वारसी**

कुन्दरकी। नगर स्थित एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार द्वारा औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्था और शैक्षणिक कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक व्यवस्था देखकर संतुष्ट नजर आए। विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान और गणित के सवाल पूछे गए जिनका विद्यार्थियों ने सटीक जवाब दिया। विद्यालय के प्रवक्ता नजबुल हसन ने बताया कि सत्र आरंभ होने से ही विद्यालय में अध्यापन कार्य जारी है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा जारी शैक्षिक पंचांग के अनुसार पाठ्यक्रम और अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कु शबाना, नजबुल हसन, शिक्षक अभिषेक वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह,अर्पित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुनकर किया निस्तारण



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# राजकीय डिग्री कॉलेज भोजपुर में अटल बिहारी वाजपेई के जन शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## भारत के समग्र विकास में अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान : डॉ सरस्वती

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत सर्व शिक्षा अभियान और भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय भोजपुर मुरादाबाद में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में एक विशेष निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था। सर्व शिक्षा अभियान और भारत जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन डॉ सरस्वती द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के निर्देशन एवं अध्यक्षता में किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में प्राचार्य ने अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सर्व शिक्षा अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही भारत के समग्र विकास का सपना साकार हो सकता है। और इस दिशा में अटल जी का योगदान अविस्मरणीय रहा है। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सर्व शिक्षा अभियान की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ निबंधों का चयन कर विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# मिलक चंगेरी में हुई फायरिंग की घटना में एक और वांछित आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

छजलैट। थाना छजलैट पुलिस द्वारा थाना छजलैट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिलक चंगेरी में हुई फायरिंग की घटना में संलिप्त एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

थाना छजलैट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मिलक चंगेरी में दो पक्षों के मध्य जमीनी विवाद में झगड़ा व फायरिंग की घटना हुई थी, जिस सम्बन्ध में थाना छजलैट पर दोनो पक्षों की तरफ से एक-दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये गये तथा घटना का संज्ञान लेकर पुलिस टीम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निदेर्शानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कांठ के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना छजलैट पुलिस द्वारा उपरोक्त



घटना में संलिप्त अभियुक्तगण योगेश पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम मिल्क चंगेरी थाना छजलैट मुरादाबाद सुखवीर सिंह पुत्र हेतराम निवासी ग्राम मिल्क चंगेरी थाना छजलैट मुरादाबाद को अभियुक्त आशीष उर्फ बिट्टू पुत्र रविराम सिंह निवासी ग्राम सराय थाना सिवाला कलां जनपद बिजनौर,अभि चौधरी पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम टांडा थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर को तथा अभियुक्त सुमित उर्फ पुष्पेन्द्र पुत्र वीर सिंह निवासी ग्राम मिलक चंगेरी थाना छजलैट मुरादाबाद को गिरफ्तार कर भेजा गया।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना छजलैट पुलिस द्वारा सोमवार को झगड़े व फायरिंग की घटना में संलिप्त एक ओर वांछित अभियुक्त राजवीर उर्फ राजे पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम मिलक चंगेरी थाना छजलैट मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है

# सपा विधायक ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा से सपा विधायक नवाब जान के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाव में आतंकवादियों द्वारा मासूम लोगो के ऊपर किए गए क्रूर हमले के विरोध में उनके विधायक आवास से लेकर पुराने बस स्टैंड चौक तक नम आँखों के साथ कैंडल मार्च निकालकर शहीद हुए मासूम लोगो के लिये 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

ठाकुरद्वारा विधायक ने कैंडल मार्च के दौरान बात करते हुए कहा की आतंकवादियों द्वारा किए गए इस हमले का हम सभी भारतीय नागरिक पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं।

और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ग्रहमंत्री जी से माँग करते हैं कि हमाला करनो वालो



आतंकियों को ऐसी शख़्त सजा दें, कि उनकी आने वाली नस्ले भी आतंकियों के ऊपर की गई कार्यवाही की बात सुनकर काँप जाये और इस आतंकवादी हमले में शहीद हुए मासूम लोगों के परिवारों को दस-दस करोड़ रुपये और साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का काम करें।

# मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कोचिंग सेंटर पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

## जनपद के अलग-अलग थानों में चला अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

ठाकुरद्वारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा कोचिंग सेंटर पर जाकर छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। तथा थाना कटघर पुलिस द्वारा मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत स्कूल,कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने अपील की। थाना भगतपुर पुलिस द्वारा भी लोगों को पम्पलैट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।





# ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने क्रिकेट प्रतियोगिता का किया आयोजन, मंडलायुक्त ने किया शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित किया गया। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुरादाबाद आयुक्त आजज्ञेनय कुमार सिंह द्वारा किया गया।

साथ ही डॉ अजय पाठक सचिव ब्लाइंड स्पॉट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने बुके देकर, शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि सर्वेश गुप्ता एडिशनल कमिश्नर प्रशासन मुरादाबाद को प्रभारी कीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार सक्सेना ने बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित



किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली मैच की टीम पंजाब और उत्तराखंड के बीच खेला पहला मैच खेला गया। बल्लेबाजी करते हुए पंजाब में निर्धारित 15 ओवर में 198 रन बनाए।

पंजाब की ओर से अक्षय उपाध्याय ने 68 और राहुल कुमार ने 35 रन बनाए वहीं। उत्तराखण्ड की ओर से सुनील कुमार ने दो विकेट प्राप्त किए लक्ष्य का पीछा करने वाली उतरी उत्तराखण्ड मात्र 85 रन के स्कोर पर ढेर हो गई। उत्तराखंड की ओर से अरविंद कुमार ने 16 रन बनाए पंजाब की ओर से अनुज ने चार विकेट और सनद राज ने दो विकेट प्राप्त किए पंजाब में ये मैच 113 रन से जीत लिया। दूसरा मैच उत्तर प्रदेश बनाम राजस्थान के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने निर्धारित 15 ओवर में 264 रन बनाए। जिसमें हितेश पटेल नाबार्ड 140 रन और महेंद्र यादव ने 53 रन बनाए वहीं। राजस्थान की ओर से मोहम्मद अयान ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान मात्र 73 रनों पर ढेर हो गई। राजस्थान की ओर से अयान ने सार्वजनिक 14 रन बनाए। उत्तर प्रदेश की तरफ से हितेश पटेल ने तीन और अंकित दुबे ने दो विकेट लिए उत्तर प्रदेश ने यह मैच 121 रन से जीत लिया।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में फरियादियों को दिलाया भरोसा

### हर समस्या का होगा त्वरित और संतोषजनक समाधान, अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अलीगढ़ दौरे से पहले राजधानी स्थित 7-कालिदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में शामिल होकर आम जन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का हरसंभव समाधान किया जाएगा और किसी को भी अनसुना नहीं किया जाएगा।

जनता दर्शन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि: प्रत्येक फरियादी की समस्या को त्वरित और संतोषजनक ढंग से सुलझाया जाए।

समस्याओं का पूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए और जवाबदेही तय की जाए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों, और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतों को संवेदनशीलता और गंभीरता से लिया जाए, जहां आवश्यक हो, वहां कठोर कार्यवाही की जाए।

**हर वर्ग की समस्या को मिली प्राथमिकता**

जनसुनवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो और प्रभावित व्यक्तियों को दुबारा भटकना न पड़े। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा, अवैध कब्जा, आवास, सड़क निर्माण, विद्युत समस्याएं, अभियुक्तों की गिरफ्तारी, और पुलिस उत्पीड़न जैसे विषयों पर कई जिलों से आए लोगों ने शिकायतें दर्ज कीं। उपमुख्यमंत्री खुद फरियादियों के पास गए और उनकी समस्याएं सीधे संवाद के माध्यम से सुनीं। उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़िला प्रशासन और शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अवैध खनन पर विभाग की बड़ी कार्यवाही, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर सीज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



गोंडा । जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार रात लगभग 11:30 बजे खनन विभाग की टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम रूपनपुरवा, मौजा देवा पसिया (तहसील करनैलगंज) में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध खनन में संलिप्त कुछ व्यक्तियों ने खनन विभाग की टीम पर पथराव करने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर तैनात पुलिस बल की तत्परता और सतर्कता से स्थिति तुरंत नियंत्रित कर ली गई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने दी गई। खनन अधिकारी डॉक्टर अभय रंजन के नेतृत्व में कार्रवाई कर रही टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर-लोडर को जब्त किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इन वाहनों का उपयोग अवैध खनन सामग्री के परिवहन में किया जा रहा था। घटनास्थल से तेजनारायण मिश्रा नामक व्यक्ति अवैध खनन में संलिप्त पाया गया। उनके अलावा वाहन चालकों विकास बाबू, पिंटू दीक्षित और देवेंद्र कुमार तिवारी की भी अवैध गतिविधियों में संलिप्तता सामने आई है। सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनन अधिकारी डॉक्टर अभय रंजन ने बताया कि जिला प्रशासन अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए लगातार सघन जांच और छापेमारी अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई कर अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन की किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

■ **छापेमारी में खनन विभाग की टीम पर किया गया पथराव, मुख्य आरोपी सहित अन्य के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू**

## संक्षिप्त समाचार

### अपराजिता ने बाल विवाह पर लगाम लगाने के लिए धर्म गुरुओं का लिया सहारा

गोंडा ।अक्षय तृतीया के अवसर पर एक भी बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। यह बात अपराजिता सामाजिक समिति के कार्यक्रम संयोजक अभय पाण्डेय ने एक पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। श्री पांडेय ने बताया कि आगामी अक्षय तृतीया पर संभावित बाल विवाह के मद्देनजर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं से सहयोग लेते हुए सभी धर्म अथवा जातियों में होने वाले बाल विवाह पर रोक लगाया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित ग्रामोद्योगी इकाईयों को पुरस्कृत करेगा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

रायबरेली : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत विगत 05 वर्षो मे स्थापित एवं उतकृष्ट कार्य करने वाली कम से कम 03 वर्षो तक के उत्पाद बिक्री तथा कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार पर राज्य सरकार उद्यमी पुरस्कार योजना मे वर्ष 2025-26 हेतु मण्डल स्तरीय समिति द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित प्रथम इकाई को रु0-15000.00 द्वितीय को रु0-12000.00 तथा तृतीय को रु0-10000.00 धनराशि सहित प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इन्ही चयनित इकाईयो मे से प्रदेश स्तर पर प्रथम इकाई को रु0-40000.00 द्वितीय को रु0-30000.00 तथा तृतीय को रु0-20000.00 धनराशि के पुरस्कार सहित राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र दिया जायेगा। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेडो मे प्रशिक्षण प्राप्त जो उद्यमी इकाई स्वयं के श्रोतो से उत्कृष्ट कार्य कर रहे हो वो भी पुरस्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो0-7408410810 एवं श्री आनन्द कुमार कनिष्ठ सहायक के मो0-8318013131 पर सम्पर्क कर सकते है।

### दबंगों ने घर में घुसकर की तोड़फोड़,जान से मारने की दी धमकी



गोंडा। थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में रविवार की रात में दबंगों द्वारा एक व्यक्ति के घर में घुसकर जानलेवा हमला करने और बर्तनों में तोड़फोड़ कर जान से मार डालने की धमकी देने का मामला सामने आया है ।पहाड़ापुर गांव निवासी इसहाक अहमद पुत्र रसीद (करेठे) ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल श्रीवास्तव और उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसहाक ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि वह एक गरीब मजदूर है,जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है ।27 अप्रैल 2025 की रात करीब 8 बजे अनिल श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अब्दुल रऊफ और इकबाल अहमद उनके मड़हे में घुस आए। आरोपियों ने उनके घर के बर्तन फेंक दिए, चूल्हा तोड़ दिया और सामान बिखेर दिया। इतना ही नहीं, पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसहाक का कहना है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल श्रीवास्तव अपनी दबंगई के बल पर आए दिन उन्हें डराते- धमकाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अनिल उन पर दबाव बना रहे हैं कि उनकी बात मानें और उनके कहे अनुसार बयान दें, वर्ना गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़ित ने कहा कि विपक्षी उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं और अगर उनके साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसके लिए अनिल श्रीवास्तव जिम्मेदार होंगे।

# दिनदहाड़े ट्रेडर्स की दुकान से ₹80000 उड़े सीसीटीवी फुटेज आया सामने



» **नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली - रायबरेली जिले के लालगंज कस्बे के बेहटा चौराहा रोड के पास बबलू ट्रेडर्स की दुकान में दिनदहाड़े घुसकर बाइक सवार बदमाशों ने काउंटर से ₹80000 उड़ा दिए। जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। घटना के बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया आनन फानन में व्यापारियों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की दर पकड़ शुरू कर दी गई है वहीं पीड़ित बबलू गुप्ता के द्वारा लालगंज कोतवाली में शिकायती पत्र दिया गया है पुलिस ने शिकायती पत्र लेने के बाद मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# बीमारी को जड़ से खत्म करती है होम्योपैथी : डॉ रमेश श्रीवास्तव

### आईएचओएस ने मनाया 270वां विश्व होम्योपैथी दिवस

» **नेशनल एक्सप्रेस**



रायबरेली। इंटलेक्चुअल होम्योपैथिक ऑब्जेक्टिव समिति की ओर से शहर के एक होटल में 270वां विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। समारोह में जर्मनी के तृतीय होम्योपैथिक समिति में सम्मानित हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव एवं वैज्ञानिक सलाहकार डा रफत आलम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मान को लेकर उन्हें बधाई के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होम्योपैथिक के जनक डॉक्टर हैनीमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज डॉक्टर के साथ-साथ बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसा इसलिए है कि आधुनिक चिकित्सा बीमारियों के एडजस्टमेंट और मैनेजमेंट पर काम करती हैं जबकि होम्योपैथ बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए काम कर रहा है। बहुत सी बीमारियां जिनका इलाज आधुनिक चिकित्सा पद्धति में नहीं है उसे होम्योपैथी ठीक कर रही है। उन्होने कहा कि होम्योपैथी भले ही जर्मनी से चली हो लेकिन भारत में सबसे तेजी के साथ इसका विकास हो रहा है। डॉ श्रीवास्तव ने आमजन से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं व चिकित्सकों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई। संचालन डा प्रभात श्रीवास्तव ने किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में जिले भर से होम्योपैथी के डॉक्टर और अन्य क्षेत्रों के विशिष्ट जन उपस्थित रहे। संस्था की ओर से आए हुए अतिथियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राजीव सिंह, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ सुनील त्रिवेदी, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ आशीष श्रीवास्तव, डॉ अमर शुक्ला, डॉ के सी चौधरी, डॉ क्रांति कुमार सिंह, डॉ सुशील सोमवंशी, डॉ दिलीप गुप्ता, डॉ खालिदा, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ पवन वर्मा, अजमेरी बाबू आदि का सराहनीय योगदान रहा। अंत में डॉ राजीव सिंह एवं डॉ सुनील त्रिवेदी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण, होंगे भब्य कार्यक्रम

» **नेशनल एक्सप्रेस**



रायबरेली: श्री परशुराम ब्रम्ह चेतना परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा रायबरेली में अक्षय तृतीया के विशेष अवसर पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशेष धूमधाम से मनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम संबंधी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गयी हैं। 29 अप्रैल को सायंकाल 600 बजे से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष सन्त समागम कार्यक्रम की अध्यक्षता सगरा आश्रम बाबूगंज अमेठी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 फलाहारी ब्रम्हचारी स्वामी अभय चैतन्य मौनी जी महराज करेंगे एवं मुख्य अतिथि जयपुर से महामण्डलेश्वर डा० अनीता योगेश्वरी गिरि जी श्री पंचदशनाम संत गुरदत्त अखाडा की मातृ शक्ति के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसी के साथ ब्रम्ह समाज की पत्रिका ( स्मारिका - 2025 प्रथम संस्करण ) का विमोचन भी किया जायेगा। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल शरण जी महाराज मथुरा-वृन्दावन धाम से पधारेंगे। मण्डल महामंत्री सुनील कान्त मिश्रा ( पंकज ) बताया कि ग्यारहवां पं० सूर्यकान्त मिश्र स्मृति सम्मान सेवानिवृत्त शिक्षक कृपाशंकर द्विवेद्वी के साथ शासकीय सेवा निवृत्त सामाजिक सारोकारों से जुड़े अन्य लोगों को भी सम्मानित किया जायेगा । संरक्षक रामराज गिरि ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ सुन्दर काण्ड का पाठ पं० मनोज तिवारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया जायेगा। मण्डल के उपाध्यक्ष मन्टू शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में सर्पप्रथम दीप प्रज्जवलन के साथ भगवान परशुराम जी की आरती एवं लोकगीत, भजन ब्राम्हण बेटी दृष्टि पाण्डेय द्वारा की जायेगी । उक्त कार्यक्रम में विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा। जिला महामंत्री शैलेन्द्र अग्निहोत्री नें सभी ब्रम्ह समाज एवं सर्व समाज से उक्त कार्यक्रम में बढ चढ कर उपस्थित होनें का आवाहन किया । इसी क्रम में परिषद का विस्तार करते हुए नगर कमेंटी भी मनोनीत की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में 51 विभूतियों को महर्षि भृगु, महर्षि दधिचि शक्ति सम्मान, ब्रम्ह चेतना सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

■ **शैलेन्द्र अग्निहोत्री ने ब्रम्ह समाज एवं सर्व समाज से कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर उपस्थित होने का किया आव्हान**

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी विंग का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ संपन्न




» **नेशनल एक्सप्रेस**

लालगंज, रायबरेली:- शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में प्री-प्राइमरी विंग का ओरिएंटेशन प्रोग्राम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी व अभिभावकों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुई। । कार्यक्रम में प्री- प्राइमरी विंग के अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए और अपने बच्चों से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियों को साझा करते हुए उनकी प्रगति का अवलोकन किया ।कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की तरफ से किए जा रहे बच्चों की शिक्षा व्यवस्था, सर्वांगीण विकास के प्रयासों से रूबरू कराया और अभिभावकों से भी उनके सुझाव लिए, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय के कार्यों में सहयोग करने के लिए आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त प्री-प्राइमरी विंग की शिक्षिकाओं ने अहम योगदान दिया।

# अवैध डबल डेकर बसों और डग्गामार वाहनों पर नकेल कसने में प्रशासन नाकाम

» **नेशनल एक्सप्रेस**



गोंडा। जिले के करनैलगंज में शनिवार को हुए एक भीषण डबल डेकर बस हादसे ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और अवैध बस संचालन की गंभीर समस्या को उजागर कर दिया है। बरगदी चौराहे के पास दिल्ली से गोंडा आ रही मां वाराही नाम की डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके परिणामस्वरूप दर्जनभर से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और पुलिस प्रशासन अवैध बस अड्डों और डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। गोंडा-लखनऊ हाईवे, करनैलगंज-परसपुर रोड, और हुजूरपुर मोड़ जैसे प्रमुख मार्गों पर अवैध बस अड्डे बेरोकटोक संचालित हो रहे हैं। ये अड्डे न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं,बल्कि आए दिन होने वाले हादसों का प्रमुख कारण भी बन रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इन अवैध अड्डों से पुलिस और परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों को मोटी रकम मिलती है,जिसके चलते जानबूझकर इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। नतीजतन,अवैध डबल डेकर बसें और डग्गामार वाहन बिना किसी जांच या नियमन के सड़कों पर दौड़ रहे हैं,जिससे यात्रियों की जान लगातार खतरे में पड़ रही है।

हाल के महीनों में जिले में हादसों की संख्या में खतरनाक वृद्धि देखी गई है। कुछ समय पहले कटरा शहबाजपुर के पास एक ओवरलोड डबल डेकर बस के पलटने से कई यात्री घायल हो गए थे, और एक स्थानीय मकान को भी नुकसान पहुंचा था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये बसें अक्सर निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को ढोती हैं और जर्जर हालत में होती हैं।

# अरेबियन ट्रैवल मार्ट में लखनऊ की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता की भव्य प्रस्तुति

» **नेशनल एक्सप्रेस**



लखनऊ। दुबई में आज से 01 मई तक आयोजित हो रहे प्रतिष्ठित अरेबियन ट्रैवल मार्ट में लखनऊ के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर स्थलों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। इस आयोजन में रूमी दरवाजा, बड़ा इमामबाड़ा और घंटाघर जैसे ऐतिहासिक स्थल विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे।

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधताओं को दुनिया के समक्ष पेश करने के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ ही नहीं, बल्कि राज्य के अन्य क्षेत्रों की स्थापत्य कला, संस्कृति और परंपराओं को भी अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करना है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ के साथ-साथ बुलंद दरवाजा, फतेहपुर सीकरी (आगरा), राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, बुद्धिस्ट सर्किट सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन और विंध्याचल जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को भी वैश्विक पहचान दिलाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। पर्यटन विभाग इस अवसर पर विदेशी टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंट्स और संभावित निवेशकों से सीधे संवाद स्थापित कर रहा है, जिससे राज्य में पर्यटन निवेश के नए अवसर सृजित किए जा सकें।

इसके अतिरिक्त, ट्रैवल मार्ट में लखनऊ की विशिष्ट कारीगरी, हस्तशिल्प, पारंपरिक खानपान और सांस्कृतिक विरासत की भी झलक प्रस्तुत की जाएगी। मंत्री ने विश्वास जताया कि इससे न केवल विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय शिल्पकारों और पर्यटन से जुड़े उद्यमियों के लिए भी नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने अंत में कहा कि यह पहल लखनऊ सहित पूरे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नेशनल एक्सप्रेस खबर का बड़ा असर, गौशाला की तरफ दौड़े अधिकारी

## टूण्डला तहसील के उसायनी गांव की गौशाला में गायों की हालत बदतर, गौ शाला निर्माण कार्य अधूरा, कार्यदायी संस्था का पेमेंट आखिर कैसे हुआ पूरा?

■ अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए डीएम, सीडीओ, डीडीओ, अन्य अधिकारियों ने प्रधान को बनाना चाहा था मुरहा

■ मदावली गौशाला में गौवंश की मृत्यु पर मुदकमा दर्ज कर गौ शाला का संचालन कर रहे पंकज शर्मा को भेजा था जेल, उसायनी गौशाला में अधिकारियों की कमी से व्यवस्थाएं पूर्ण न होने पर मृत पड़े गौ वंश क्या होगी अधिकारियों के खिलाफ भी समान कार्यवाही ?



खबर के बाद भूसा लेकर पहुंचे अधिकारी



मृत पड़े गौवंश को कुत्तों ने नोचा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । नेशनल एक्सप्रेस हिंदी दैनिक समाचार पत्र की खबर का जनपद में बड़ा असर देखने को मिला । अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार में लिप्त होने तथा गौ शाला में कार्य पूर्ण न होने तथा सांठ गांठ से कार्यदायी संस्था को पूरा पेमेंट जिले के अधिकारियों द्वारा करने तथा अधूरे कार्य पर ही अनियमितताओं युक्त गौशाला के संचालन की खबर प्रकाशन के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया । वहीं सोमवार को देखा गया कि ग्राम उसायनी स्थित गौशाला में गायों की स्थिति बेहद दयनीय नजर आई । जहां एक ओर सरकार गाय पर लंबी लंबी बातें करती है वहीं देश में गायों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं दूसरी ओर इसी धरती पर गोवंश बदहाली का शिकार हो रहे हैं। अधिकारी अब तक इस ओर आँखें मूँदे बैठे हैं। इतना ही नहीं अपने भ्रष्टाचार को छुपाने की पूरी कोशिश करते नजर आए हैं जहां एक ओर अनियमितताओं युक्त गौशाला का प्रधान ने संचालन करने को मन किया तो अधिकारियों ने कारण बताओ नोटिस जारी किया इतना ही प्रधान ने जब नोटिस के जवाब में भ्रष्टाचार को खोल कर रख दिया तो अधिकारियों का गुस्सा चरम सीमा पर पहुंच गया और अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर बोलने वाली महिला प्रधान के अधिकार तक सीज कर दिए ।

**बिना पानी बिजली चारे के गौ शाला हो रही संचालित है:** सूत्रों के अनुसार, बीते तीन दिनों से गौशाला में हरे चारे की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। मजबूरी में गायों का पेट सूखे भूसे से भरा जा रहा है। गौशाला में न तो बिजली की व्यवस्था है और न ही रात के समय रोशनी का कोई इंतजाम, जिससे अंधेरे में जानवरों और कर्मचारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**मृतक गौवंशों को नोचते नजर आए कुत्ते:** उसायनी स्थित गौ शाला में स्थिति इतनी भयावह है कि गौशाला परिसर में कुत्तों का आतंक बना हुआ है। मृत गौ वंशों के शवों को कुत्ते नोच-नोच कर खा रहे हैं। देर रात कुत्तों के झुंड वहां रहने वाले मजदूरों पर भी हमला कर रहे हैं।

**किसान के ट्यूबल से आता है पानी:** गौ शाला में अनियमितताएं तो इतनी है कि गाय बिना पानी के अधिकारियों की मेहरबानी से करीब 2 साल से जी रही हैं । क्योंकि गौ शाला में गायों के पीने के पानी की व्यवस्था भी अत्यंत बदहाल है। पानी बाहरी किसान के ट्यूबवेल से आता है, वह भी तीन-चार दिन के लंबे अंतराल पर। उसका कारण गौशाला में समर सेवल या पानी की व्यवस्था न होना है ।

**गौशाला में बना तालाब गौ वंशों के लिए मुसीबत:** गौशाला के बीचों-बीच बने एक तालाब में कई बार गायें गिर कर घायल हो रही हैं, लेकिन इस पर कोई पुख्ता कदम नहीं उठाया गया। वहीं, देखरेख कर रहे मजदूरों को भी कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। मजदूरों ने वेतन न मिलने को लेकर प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### गौ शाला में महत्वपूर्ण कार्य भी पड़े अधूरे

गौशाला में न इंटरलॉकिंग का काम हुआ है, न ही बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था है। चारों ओर की बाउंड्री भी अधूरी पड़ी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या निर्माण कार्य में साँठगाँठ कर भुगतान कर दिया गया या कार्य अब भी अधूरा है ?

- **हालांकि जिले में कई गौ सेवा से जुड़े संगठन मौजूद हैं, लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि कोई भी संगठन गौशाला तक पहुंचकर गोवंश की पीड़ा देखने के लिए आज तक हिम्मत नहीं जुटा पाया न ही गौ शाला की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर बोलने को आज तक आवाज उठाता नजर आया ।**
- **कुछ दिन पहले ही निरीक्षण के दौरान एक जिला स्तरीय अधिकारी ने उच्चाधिकारियों से फोन पर संस्था द्वारा किए गए कार्यों में अनियमितता की शिकायत की थी, पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।**
- **अब बड़ा सवाल है कि क्या इस घोर लापरवाही और गौमाता के प्रति अमानवीय व्यवहार पर दोषी अधिकारियों, गौशाला संचालकों , गौ संरक्षण केंद्र निर्माण करने वाली कार्यदाई संस्था, भुगतान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही होगी, या फिर हमेशा की तरह मामले को लीपापोती कर दबा दिया जाएगा ?**

# संयुक्त क्रू लॉबी पर रेलवे कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

### रनिंग स्टाफ से संबंधित सीसी वीआरएस, बढ़े हुए डीए का 25 प्रतिशत माइलेज मर्ज किया जाये

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



टूंडला।सोमवार को संयुक्त क्रू लॉबी पर रेलवे कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांग रखते हुए बताया कि

क्रू वायलेशन के नाम पर लोको पायलेट एंव सहायक लोको पायलेट को एब्सेंट करना बन्द किया जाए,यदि उसे अब्सेंट किया जाता है तो उस दिन उसे लीव दी जाए और नियमानुसार सप्ताह में अथवा लगातार तीन रात्रि उपरान्त उसका 100 प्रतिशत रेस्ट सुनिश्चित किया जाय अन्यथा ये तुगलकी फरमान वापस लिया जाय।

शाखा मंत्री सरदार सिंह ने कहा कि प्रति एक गाडी का सीवीवी आरएस चेक करने के नाम पर रनिंग स्टाफ का मानसिक उत्पीडन करना बन्द किया जाए एंव सभी लोको से सीवीवी आरएस हटाये जाए।शाखा अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि डीए 50 प्रतिशत होने के सापेक्ष रनिंग स्टाफ के माइलेज भत्ते में 25 प्रतिशत की बढोत्तरी करके भुगतान किया जाये।शाखा उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि लोको में बीपीसीएस के इस्तेमाल पर लगी हुई रोक हटाई जाए या 10 किलोमीटर तक अत्याधिक स्पीड होने तक क्रू को दोषमुक्त रखा जाए क्यूंकि गाड़ी चलाते समय 90 प्रतिशत क्रू की निगाहे स्पीडो मीटर की तरफ रहती है जिससे सामने ट्रेक एंव ओएचई तथा सिग्नल से निगाहे ज्यादातर हटी रहती है,क्रू अपनी गर्दन को बार बार घुमाता रहता है।

इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सरदार सिंह सतीश कुमार, सुनील बघेल,गौरव कुमार,एस के सुमन,नाहर सिंह मीना,सतेंद्र यादव,चंद्र मोहन,प्रदीप कुमार, इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह पहले बनी सड़क उखड़ने लगी, ग्रामीणों में आक्रोश

### निर्माणाधीन सड़क पर काफी अनियमितता देखी जा रही है सड़क बनाने के दौरान ही उखड़ने लगी है

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



सिरसागंज। तहसील सिरसागंज क्षेत्र में भदान से गदोखर को जाने वाली सड़क का अभी निर्माण कार्य किया जा रहा है। निमार्णाधीन सड़क पर काफी अनियमितता देखी जा रही है. सड़क बनाने के दौरान ही उखड़ने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा सकता है। तहसील सिरसागंज से 20 किलोमीटर की दूरी पर व भदान स्टेशन से गदोखर ओ जाने वाली सड़क पर पीडब्ल्यूडी के अधीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण को लेकर सोमवार दोपहर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य पर सवाल उठाए। ग्रामीण भूपाल ने बताया कि सड़क को बनाने में लापरवाही वर्ती जा रही है और यह सड़क बनने के साथ-साथ उखड़ती जा रही है। निर्माणधीन सड़क पर सिर्फ 1 इंच डाबर के साथ गिट्टी डाली जा रही है। यह गिट्टी वाहनों के निकलने से उखाड़ कर सड़क के किनारे इकट्ठी हो जाती है। जिससे लोगों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बीच बाजार चले झाड़ू-डंडे, वीडियो वायरल

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना। कस्बा पाढ़म निवासी चार युवकों को एक दुकानदार से अभिवादन करना महंगा पड गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान मौजूद दुकानदारों ने युवकों की डंडों एवं झाडू से पिटाई लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी झगडा करने पर पुलिस दोनों पक्षों से एक-एक युवक को लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

थाना जसराना के कस्बा पाढ़म निवासी कृष्णा कुशवाहा अपने तीन अन्य साथियों के साथ कस्बा जसराना आया था। कस्बा में चौराहे के पास परचून की दुकान करने वाले दुकानदार मनीष गुप्ता के पिता राजकुमार गुप्ता से युवकों ने अभिवादन कर दिया। इसी बात को लेकर राजकुमार ने युवकों से गालियां देना शुरू कर दिया। युवकों ने गालियां देने का विरोध किया तो दोनों में विवाद हो गया। इसी दौरान अन्य दुकानदारों के साथ राजकुमार के साथ उसकी पत्नी एवं पुत्र आ गए। सभी ने मिलकर युवकों को पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान मनीष गुप्ता के सिर में चोट लग गई। मौके पर थाना जसराना से पुलिस फोर्स पहुंच गया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों में जमकर विवाद होता रहा। पुलिस ने विवाद करने पर कृष्णा एवं मनीष गुप्ता को हिरासत में ले लिया। दोनों के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई की है। वहीं विवाद के दौरान कस्बा में हडकंप मचा रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया बाजार में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

# बालिकाओं और महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

### जनपद में निरंतरता से चल रहा है ऑपरेशन जागृति अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फिरोजाबाद। ऑपरेशन जागृति फेज 04 के तहत सोमवार को जनपद में 31 स्थानों पर जिनमें 18 स्कूल, 04 वार्ड व 09 ग्राम पंचायतों में जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जागरुक किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना रजावली के जवाहर इण्टर कॉलेज रति गढ़ी, थाना नगला सिंघी के डीपीएस पब्लिक स्कूल धीरपुरा, थाना बसई मौहम्मदपुर के श्रीमती सुखदेवी हुकम सिंह शिक्षण संस्थान आलमपुर कनैटा, थाना लाइनपार के महात्मा गांधी मेमोरियल इंटर कॉलेज ढोलपुरा, थाना एका के कस्बा एका, थाना मटसेना प्राथमिक विद्यालय विजयपुरा, थाना रामगढ़ संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, थाना मक्खनपुर ग्राम जेवड़ा, थाना नसीरपुर ग्राम डडियामई इंटर कॉलेज, थाना फरिहा ग्राम गोहाना, थाना रसूलपुर मुस्लिम पब्लिक जू0 हा0 स्कूल, थाना नगला खंगर के ग्राम रुरिया में महिलाओं और बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति के मुख्य बिन्दू जिसमें महिलाओं के प्रति होंने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूँठे केस दायर करना, किशोर अवस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव और पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा कर जागरूक किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपराध एव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सिरसागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट में वांछित बृजेश कुमार पुत्र मंगल सिंह निवासी ग्राम मधाऊ थाना कोतवाली मैनपुरी को थाना सिरसागंज क्षेत्र के देहुली मोड के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/फिरोजाबाद । थाना जसराना के गांव सुरेला निवासी 45 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र रामसनेही लाल रविवार की रात्रि में खेत काटकर अपने घर लौट रहा था तभी गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन में उसे रौंद दिया जिसके कारण उसकी मौत हो गई घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए जिनमें कोहराम मच गया इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है मृतक ने अपने पीछे विधवा पत्नी दो पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है ।

### भागवत कथा में समुद्र मंथन और भक्त प्रहलाद प्रसंग सुनाया



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव नगला खंगर में शास्त्री ब्रह्मचारिणी अर्चना द्विवेदी द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। सोमवार को भागवत कथा में भगवान विष्णु के वामन अवतार, समुद्र मंथन, भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई गई। शास्त्री अर्चना द्विवेदी ने कहा कि जब मंथन होता है तब विषय रूपी विष एवं अनेक प्रलोभन आते रहते हैं। अमृत तो अंत में निकलता है ।शास्त्री जी ने 52 भगवान, समुद्र मंथन भक्त प्रहलाद की लीला को सुनाया। जिसे सुनकर भक्ति भाव विभोर हो गए ।सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष श्रीमद् भागवत कथा को बड़े ध्यान से सुन रही थे ।

# रेलवे टूंडला के पूर्वी रेलवे फाटक पर लगता जाम




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। रेलवे स्टेशन टूंडला के पूर्व की ओर वाले रेलवे फाटक पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। रेलवे फाटक के बंद होने पर टूंडला के लाइन पार क्षेत्र से आने और जाने वाले वाहनों के कारण वहां पर जाम की स्थिति बन जाती है क्योंकि आने जाने का जो रास्ता है वह सकरा है और एक ही है इसलिए दूसरी ओर से आने वाले वाहनो को निकलने के लिए वहां से रास्ता नहीं मिलता। टूंडला रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर बने अंडर ब्रिज से भी जो वाहन लाइन पार क्षेत्र जाने के लिए आते हैं उन वाहनों को भी यहाँ के फाटक के खुलने का इंतजार करना पड़ता है। तभी वह वहां से निकल सकते हैं। टूंडला के लाइन पार क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद बजेहरा बाजपुर आदि जाने वाले वाहन फाटक बंद होने पर जाम में फंसे रहते हैं। बच्चों की स्कूल बस, स्कूल ऑटो आदि नहीं निकल पाने के कारण अक्सर स्कूल को देरी हो जाती हैं। आपको बताते चलें कि लाइन पार क्षेत्र शोभाराम के आहते के सामने रास्ता काफी सकरा है। इसके अतिरिक्त और कोई रास्ता नहीं है जिससे कि वाहन वजहेरा बाजपुर की तरफ जा सकें। जाम के कारण लोग परेशान हैं और अपने कार्यों के लिए लेट हो जाते हैं। कोई और विकल्प न होने पर जाम में फंसे रहने को मजबूर रहते हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस जाम से बचने के लिए कोई विकल्प निकालना ही चाहिए जिससे आम जनता को परेशानी ना हो।

# किसान यूनियन ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के लोगों के द्वारा सोमवार को पहलगाम में हुई आतंकी हमले को लेकर और कई मांगों को लेकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी संभल को देते हुए बताया आतंकवादी संगठनों पर भारत सरकार कठोरता कार्रवाई करें, भारत सरकार अपनी आंतरिक सुरक्षा हेतु ध्यान केंद्रित करे, किसानों से वसूले जा रहे हैं बिजली बिलों के भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए, आधार कार्ड केदो की संख्या बढ़ाई जाये, सरकार द्वारा घोषणा में सरकार के मेनिफेसटो मे किसान पेंशन योजना के तहत किसानों को लाभ मिलना चाहिए, आलू टमाटर को भी अन्य फसलों की तरह एमपीएस पर खरीदा जाए, जिला प्रशासन को स्कूलों की किताबो की अधिक मूल्य पर खरीदारी पर रोक लगाने चाहिए ' इन सभी मांगों को लेकर भारतीय किसान महात्मा टिकैत के लोगों ने ज्ञापन सौपा इस दौरान कुवरपाल सिंह जिला अध्यक्ष, धर्मपाल सिंह तहसील अध्यक्ष, ओमवीर सिंह, विजय सिंह,शंकर लाल, हरिओम तूफानी,रक्षपाल सिंह, राजेश तन्नू, रजत सिंह प्रदेश सचिव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य के 7 जिलों में जल्द बनेंगे 50 बेड वाले आयुष अस्पताल:मंगल पांडेय,मंत्री

## आयुष अस्पतालों के निर्माण के लिए 834 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



**पटना(बिहार)।** राज्य आयुष समिति के तत्वावधान में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।यह प्रशिक्षण सत्र 28 अप्रैल 2025 से 1 मई 2025 तक चलेगा।अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बेहतर सोच का यह परिणाम है कि आज आयुष मंत्रालय लगातार बेहतर कार्य कर रहा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धति को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूती से स्थापित किया जा रहा है।मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया भी जारी है। 35 हजार 383 पदों पर नई नियुक्तियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है।अगले तीन से चार महीनों में इन नियुक्ति पदों पर प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।राज्य में आयुष शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती दी जा रही है।रिक्त शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी गई है।

श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में पब्लिक मैनेजमेंट कैडर की स्वीकृति से 20 हजार 16 नए पद सृजित हुए हैं।इस अवसर पर

**■ आयुष आरोग्य मंदिरों में शुरू होगी पैथोलॉजी की जांच■पब्लिक मैनेजमेंट कैडर की स्वीकृति से 20 हजार 16 नए पद सृजित होंगे**

स्वास्थ्य मंत्री ने ऐलान किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के 7 जिलों( गोपालगंज,सिवान,मधबनी,दरभंगा,बेगूसराय,गया एवं मोतिहारी)में 50 बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों के निर्माण की योजना क्रियान्वित की जा रही है।वहीं राज्य आयुष समिति,आयुष आरोग्य मंदिर में पैथोलॉजी की जांच शुरू करने जा रही है।राज्य के सभी 38 जिलों में जिला संयुक्त औषधालय संचालित हो रहे हैं।राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालयों दरभंगा,बेगूसराय एवं राजकीय आरबीटीएस होमियोपैथिक कॉलेज अस्पताल निर्माण कार्य के लिए 834 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।जिलों में मॉडल जिला अस्पतालों के निर्माण के तहत 10 बेड वाले आयुष पद्धति के अस्पताल भी होंगे।श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि 12 लाख लोगों को नौकरी और 25 लाख लोगों को रोजगार दिया जाए।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में आए चिकित्सकों से मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आप सभी को इस प्रशिक्षण से बहुत फायदा मिलेगा और आप लोगों बहुत कुछ सीखेंगे जिससे आपके काम करने के तरीके में काफी सुधार होगा।स्वास्थ्य विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष अस्पतालों एवं और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयुर्वेद,होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धति से चिकित्सीय कार्य जनमानस को उपलब्ध कराएं जा रहे हैं।

# देश की महान नृत्य परंपरा को समझे और इससे जुड़े युवा पीढ़ी: डॉ एन विजयलक्ष्मी

**29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस**



**पटना(बिहार)।** आधुनिक बैले नृत्य के जनक माने जाने वाले फ्रेंच कलाकार जीन जॉर्जेस नोवरे की याद में प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को विश्व नृत्य दिवस मनाया जाता है।नृत्य की दुनिया में भारत की बेहद समृद्ध परंपरा रही है।हमारे देश में नृत्य का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है।नृत्य का एनसाइक्लोपीडिया माने जाने वाले नाट्यशास्त्र की रचना हमारे देश में हुई जो कि हमारे लिए गर्व की बात है।दुनिया से इस महान ग्रंथ का परिचय भरतमुनि ने करवाया।सभी भारतीयों के लिए बहुत गर्व की भी बात है कि भागवत गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी आफ वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित किया गया है।

हमारे देश में नृत्य की महान परंपरा सदियों से चली आ रही है।विभिन्न तरह के परंपारगत नृत्य हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर हैं।ऐसे में हमें भी भरतमुनि की स्मृति में एक दिन नृत्य और नाटकों के नाम करना चाहिए।मेरी नई पीढ़ी से अपील है कि देश की महान नृत्य परंपरा को समझे और इससे जुड़े।विश्व नृत्य दिवस एक अवसर हमें देता जब हम पारंपरिक नृत्यों के महत्व को जानते और समझते हैं।मेरा मानना है कि हमें अपनी नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराना चाहिए।उन्हें बताना चाहिए कि हमारे देश में कथक,भरतनाट्यम,ओड़िसी जैसे शास्त्रीय नृत्यों की कितनी महान परंपरा है।मैं अपनी बात करूं तो मैं आंध्रप्रदेश से हूं,मुझे बचपन से ही वहां का स्थानीय कुचिपुड़ी नृत्य पसंद था।बाद में मैंने भरतनाट्यम सीखा।मैं विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दे चुकी हूं।मैं तेलुगू भाषा कि वे फिल्में देखना पसंद करती थी जो नृत्य और संगीत प्रधान हो।

बिहार में अब स्कूलों में म्यूजिक और डांस के शिक्षक हैं।बच्चे बड़ी संख्या में सीख भी रहे हैं।मैं यही कहना चाहती हूं कि संगीत, नृत्य या कोई भी कला जरूर सीखें।इससे आपके व्यक्तित्व का विकास होता है।मेरे लिए नृत्य सिर्फ एक हॉबी नहीं है बल्कि यह मेरे लिए एक आध्यात्मिक कार्य है। जब आप नृत्य-संगीत सीखते हैं या संगीत साधना में लीन हो जाता है तब वह तपस्या कर रहा होता है।ऐसा इसलिए कि जब आप यह करते हैं तब आपका शरीर, दिमाग और आत्मा तीनों को एक जगह पर रखकर करते हैं।इसका बेहतर बैलेंस बनने पर ही आप इसे पूरा कर पाते हैं।

**(लेखिका वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और नृत्यांगना हैं)**

**न्यूज ब्रीफ**

### नवादा में राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना( बिहार)। नवादा जिले के सिरदला अंचल कार्यालय में निगरानी विभाग ने एक राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। राजस्व कर्मचारी रविशंकर शर्मा ने मोहम्मद मुस्ताक से जमीन की दाखिल-खारिज के लिए 20 हजार रुपए की मांग की थी। मुस्ताक ने इस मामले में निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। निगरानी विभाग ने शनिवार को मामले की जांच की। रविवार की छुट्टी के कारण सोमवार को पैसों का लेन-देन तय हुआ। सोमवार को जैसे ही रविशंकर शर्मा ने रिश्वत की राशि ली, पटना निगरानी विभाग की टीम ने उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### पहलगाम में हुए आंतकी हमले को लेकर गलत टिप्पणी करने पर 3 गिरफ्तार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

जयपुर( राजस्थान)। पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद बाड़मेर पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर पहली नजर बनाए हुए हैं। एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि पहलगाम में हुए आंतकी हमले के मध्यनजर बाड़मेर पुलिस की साईबर व डीसीआरबी टीम द्वारा सोशल मीडिया हैडल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। भडकाउ टिप्पणी करने पर पुलिस द्वारा अब तक तीन व्यक्तियों जसवन्त डाभी पुत्र भंवाराम, चन्द्रप्रकाश पुत्र लुणाराम व शकुर खां पुत्र आसीम खां निवासी मौखाब थाना शिव को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की गई है।

# गोपालगंज में यूपी की युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

## एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही हैं छापेमारी

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



पटना( बिहार )।गोपालगंज में अपने बीमार पिता का इलाज कराने आई एक युवती के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है।वही दुष्कर्म से पीड़ित लड़की का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है।यह घटना कुचायकोट थानाक्षेत्र के सासामुसा रेलवे स्टेशन की है।पीड़ित युवती यूपी के कुशीनगर जिले के काठकुइयां की रहने वाली है।बताया जाता है कि यूपी के काठकुइयां की रहने वाली युवती अपने लकवा से ग्रस्त पिता का इलाज कराने कल रविवार को गोपालगंज के सासामुसा आयी थी।कल थावे-कप्तानगंज पैसेंजर ट्रेन रद्द होने की वजह से वह अपने घर नही जा सकी।अपने बीमार पिता के साथ रात सासामुसा स्टेशन पर ठहर गयी।आज सोमवार को सुबह करीब चार बजे स्टेशन पर मौजूद तीन लड़कों ने पीड़ित युवती जबरन उठाकर मंदिर के पीछे ले गये और उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर बारी बारी से दुष्कर्म किया।जिसके बाद पीड़ित युवती की तबीयत खराब हो गई।स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना कुचायकोट पुलिस को दी।ग्रामीणों के सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है।इस घटना के बाद मौके पर पहुंचे गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित,सदर एसडीपीओ प्रांजल कुमार,रेल थाना पुलिस और स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।वही शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।इस मामले में गोपालगंज एसपी अवधेश दीक्षित ने बताया कि करीब 4 बजे सुबह सासामुसा रेलवे के कैम्पस में यूपी के कुशीनगर की एक युवती के साथ तीन लड़को ने सामूहिक दुष्कर्म किया है।जिसमे एक आरोपी अभिषेक बिंद को गिरफ्तार कर लिया गया है।शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# तिलक समारोह में दो पक्षों के बीच खूनी झड़प का मुख्य वजह था शराब का सेवन: एसपी,बक्सर

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



पटना( बिहार )।बक्सर पुलिस ने विगत 15 अप्रैल को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पिसी कॉलेज स्थित ज्योति मैरेज हॉल में एक तिलक समारोह में हुई दो पक्षो के बीच खूनी झड़प मामले का उद्भेदन करते हुए छः लोगों को धर दबोचा है।जिसमें एक आरोपी विशाल श्रीवास्तव जिसपर 21 से भी ज्यादा संगीन मामले दर्ज है,उसे पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं और आज पांच आरोपियों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार कर उनके अंजाम तक पहुंचाने के कार्य पुलिस द्वारा शुरू किया जा चुका है।इस पूरे मामले की जानकारी देने हेतू बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि इस हिंसक झड़प की मुख्य वजह शराब ही थी।क्योंकि तिलक समारोह में तीन लोग अभय कुमार सिन्हा तथा सुभाष यादव और ददन यादव साथ मे बैठकर शराब पी रहे थे,और उसी दौरान आपस मे तू -तू ,मैं-मैं से शुरूआत होकर मामला खूनी झड़प में तब्दील हो गया।गोलीबारी में अभय सिन्हा के पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया था।जिसका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर जांच शुरू कर दी गयी थी।जिसमें सीसीटीवी की मदद तथा तकनीकी अनुसंधान के जरिये मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।दरअसल सोंधिला निवासी अभय सिन्हा का शराब पीते वक्त सुभाष यादव और ददन यादव के साथ झगड़ा होने के बाद अभय सिन्हा ने हत्या करने की नीयत से अपने पांच साथियों को हथियारों से लैश होकर तिलक समारोह में बुलाया और आते के साथ ही सभी अंधाधुंध फायरिंग करने लगे।जिसमें अभय सिन्हा के साथियो द्वारा की जा रही फायरिंग से अभय सिन्हा खुद ही जख्मी हो गया।फिलहाल आरोपियों को दो पिस्टल तथा दो खाली मैगजीन के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं और इस मामले में संलिप्त और लोगो को भी पुलिस की पैनी निगाहे तलाश कर रही है,ताकि सभी को उनके अंजाम तक पहुंचाया जा सके।

**खेल**

**न्यूज ब्रीफ**

### राजस्थान रॉयल्स का गुजरात टाइटंस के खिलाफ गेंदबाजी का फैसला

जयपुर (भाषा) राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में सोमवार को टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया ।
राजस्थान रॉयल्स अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर है और उसे प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये बाकी पांचों मैच जीतने होंगे ।
वहीं गुजरात टाइटंस अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है और जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा ।
रॉयल्स ने फजलहक फारूकी और तुषार देशपांडे की जगह महीष तीक्षणा और युधवीर सिंह को उतारा है जबकि गुजरात के लिये करीम जनत पदार्पण करेंगे ।

### सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज: अरविंद चिदंबरम तीसरे स्थान पर

वारसॉ (भाषा) ग्रैंड चेस टूर पर पदार्पण कर रहे भारत के अरविंद चिदंबरम दूसरे दिन पूर्व विश्व चैंपियन बुल्गारिया के वेस्लिन टोपालोव को हराने और दो अन्य बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद यहां सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर हैं। अरविंद ने टोपालोव के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और रूस के व्लादिमीर फेदोसीव दोनों समान आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अरविंद के सात अंक हैं। अमेरिका के लेवोन अरोनियन, रोमानिया के डियाक बोगडन डियानेल और पोलैंड के डुडा यान-क्रिस्टोफ छह अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञानानंदा, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और रोमानिया के डेविड गेवरिलेस्क्यू के पांच-पांच अंक हैं। रेपिड वर्ग में जब सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है तब टोपालोव सिर्फ चार अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।

## बीसीसीआई से विनम्र कानूनी पत्र मिलने के बाद ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्टर ने आईपीएल के वीडियो हटाए

सिडनी । (भाषा) भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से एक विनम्र कानूनी पत्र मिलने के बाद लोकप्रिय ऑस्ट्रेलियाई पॉडकास्ट से जुड़े सैम पैरी और इयान हिगिंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के कवरेज से जुड़े सभी वीडियो हटा दिए हैं। पैरी और हिगिंस ह्यद ग्रेड क्रिकेटरह्व की मेजबानी करते हैं। उन्हें इस सप्ताहांत बीसीसीआई और आईपीएल से एक कानूनी नोटिस मिला। पैरी ने सोमवार को पॉडकास्ट पर कहा, आपने देखा होगा कि इस साल के क्रिकेट टूर्नामेंट के हमारे कवरेज से जुड़े प्रत्येक वीडियो को यूट्यूब, यूट्यूब शॉर्ट्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जो हमने खुद किया है। हमारे साथ ऐसा किसी और ने नहीं किया, हमने ये वीडियो हटा दिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई समय के अनुसार शनिवार शाम को हमें क्रिकेट टूर्नामेंट से जुड़ी हमारी सामग्री के बारे में एक बहुत ही विनम्र कानूनी पत्र मिला जो विशेष रूप से मौजूदा सत्र से संबंधित है।

पैरी ने कहा, परिणामस्वरूप हमने उन वीडियो को हटाने का फैसला किया। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की खबर के अनुसार कानूनी नोटिस में कहा गया था कि ग्रेड क्रिकेटर के आईपीएल वीडियो में टूर्नामेंट की स्टिल फोटोग्राफ (तस्वीरें) दिखाई जिन्हें बीसीसीआई संपादकीय उद्देश्य की जगह व्यावसायिक इस्तेमाल मानता है। आईपीएल ने अपने मीडिया परामर्श में हमेशा स्पष्ट किया है कि वे जो ऑडियो और वीडियो प्रदान करते हैं ।

# टी20 क्रिकेट में साझेदारियों का महत्व भूल रहे हैं लोग: कोहली



नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय दिग्गज विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसका महत्व उन पिचों पर और बढ़ जाता है जहां बड़ा स्कोर बनाना संभव नहीं होता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में पिचें धीमी रही हैं, जिससे बल्लेबाजों को क्रीज पर आते ही आक्रामक रवैया अपनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को यहां खेले गये मैच में हालांकि कोहली और लोकेश राहुल ने दिखाया कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से कैसे निपटा जाना चाहिये।

कोहली ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल की 10 पारियों में अपना छठा अर्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने मौजूदा सत्र में घरेलू मैदान से बाहर अपना अजेय क्रम जारी रखा है।

कोहली ने दिल्ली पर छह विकेट की जीत के बाद प्रसारकों से कहा, इस पिच को देखते हुए यह एक बेहतरीन जीत थी। हमने यहां कुछ मैच देखे और यह विकेट उन मैचों की तुलना में अलग था। जब भी कोई लक्ष्य का पीछा करता है, तो मैं डगआउट से नजर रखता हूं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे है या नहीं।

आसीबी ने जीत के लिए 163 रन का पीछा करते हुए 26 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन कोहली (51) ने कृणाल पंड्या (नाबाद 73) के साथ चौथे विकेट के लिये 84 गेंद में 119 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। कोहली ने अपनी बल्लेबाजी के बारे में कहा कि वह परिस्थितियों का आकलन कर उसके अनुसार खेल की अपनी शैली में बदलाव करते हैं।

कोहली से जब पूछा गया कि लक्ष्य का पीछा करते समय वह किस तरह से योजना बनाते है तो उन्होंने कहा, मैं देखता हूं कि टीम को कितना स्कोर करना है, परिस्थितियां कैसी हैं। कौन से गेंदबाज गेंदबाजी करने वाले हैं। कौन से गेंदबाज हैं जिनके खिलाफ रन बनाना मुश्किल हो सकता है।

उन्होंने कहा, मैं कोशिश करता हूं कि मैं दौड़कर एक और दो रन लेते रहूं ताकि स्कोर बोर्ड पर रुकावट नहीं आये। लोग इस प्रारूप में साझेदारी के महत्व को भूल रहे हैं और इस टूर्नामेंट में साझेदारी और गेंदबाजों पर हावी होने की कोशिश का अच्छा परिणाम मिल रहा है। कृणाल अपनी पारी की शुरूआत में संघर्ष कर रहे थे लेकिन पिच और परिस्थितियों से तालमेल कायम करने के बाद नौ वर्षों में अपना पहला अर्धशतक लगाने में सफल रहे।

कोहली ने कहा, कृणाल ने शानदार प्रदर्शन किया। उसके पास मैच पर अपना प्रभाव छोड़ने की क्षमता है और यह सही समय था। हम लगातार बातचीत कर रहे थे जिसमें कृणाल मुझे क्रीज पर डटे रहने का सुझाव दे रहा था। वह इस दौरान अपने मौके का फायदा उठाता रहा। कोहली के आउट होने के बाद टिम डेविड ने सिर्फ पांच गेंदों पर 19 रन बनाकर टीम को नौ गेंद शेष रहते जीत दिला दी।

टीम के आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के बारे में पूछे जाने पर कोहली ने कहा, ह्यह्यहमारे पास टिम डेविड के रूप में अतिरिक्त ताकत है, साथ ही जितेश (शर्मा) भी है। पारी के अंत में उनकी ताकत निश्चित रूप से आपकी मदद करती है। टीम में अब रोमारियो (शेपर्ड) का भी विकल्प है। उन्होंने कृणाल और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी की भी प्रशंसा की।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की कोशिश लय बनाये रखने पर

कोलंबो (भाषा) श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जु4ीत की लय बनाये रखने की होगी।

भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की।

टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागो में अपना दबदबा कायम किया। स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की अगुवाई में गेंदबाजों ने श्रीलंका को कम स्कोर पर रोक दिया, जबकि प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना और हरलीन देओल की तिकड़ी ने बल्ले से शानदार पारी खेली।



टीम के क्षेत्ररक्षकों ने भी इस दौरान शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इस लय को जारी रखना चाहेगी। भारतीय महिला टीम इस प्रारूप में मार्च 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका से नहीं हारी है। भारत ने दोनों देशों की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया था।

इस मैच में भी स्पिनरों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। भारतीय टीम हालांकि प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में अपने युवाओं के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखना जारी रखेगी, क्योंकि टीम इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले एक कोर ग्रुप की पहचान करना चाहती है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम नये कोच मंडल माशिम्बी की देखरेख में टूर्नामेंट में अपना आगाज यादगार तरीके से करना चाहेगी। प्रथम श्रेणी के पूर्व खिलाड़ी 44 साल के माशिम्बी को पिछले साल टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उन्हें हालांकि महिला टीम की कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम अनुभवी हरफनमौला मारिजाने कैप के बिना खेलेगी। उन्हें इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। टीम को ऐसे में शानदार लय में चल रही सुने लुस, लॉरा वोलवार्ड्ट, नादिन डी क्लार्क और क्लो ट्रायोन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मासाबाता क्लास, हरफनमौला एनेरी डर्कसेन और नादिन डी क्लार्क तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

टीमः भारतः प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

दक्षिण अफ्रीकाः लॉरा वोलवाड्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, सुने लुस, एनेरी डर्कसेन, लारा गुडॉल, नादिन डी क्लर्क, क्लो ट्रायोन, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), नॉनकुलुलेको म्लाबा, मसाबाता क्लास, अयाबोंगा खाका, काराबो मेसो, मियां स्मिट, नोंदुमिसो शांगासे, सेशनी नायडू मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### 21 मुक्केबाज जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे

अम्मान (जॉर्डन) (भाषा) भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिये हैं ।

अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरूआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की।

# लाहिड़ी एलआईवी मैक्सिको में संयुक्त 22वें स्थान पर रहे, नीमैन बने चैम्पियन



मैक्सिको सिटी (भाषा) भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर में दो ओवर 73 का कार्ड खेल कर एलआईवी गोल्फ मैक्सिको सिटी में संयुक्त 22वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने इससे पहले 68 और 71 का कार्ड खेला था।

जोआकिन नीमैन ने 65 का कार्ड खेल पहली बार अपने देश चिली से बाहर बड़ा खिताब जीता। शुरूआती दो दौर में 68 और 64 का कार्ड खेलने वाले इस खिलाड़ी का यह मौजूदा सत्र का तीसरा खिताब है।

नई दिल्ली, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने वतन लौट गये हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने अयोध्या में "एक राष्ट्र ,एक चुनाव " विषय पर आयोजित युवा परिचर्चा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।







## कृष्ण जन्मभूमि: केंद्र, एएसआई को पक्षकार बनाने की अनुमति प्रथम दृष्टया सही: शीर्ष अदालत

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू वादियों को केंद्र सरकार व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पक्षकार बनाने की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आदेश प्रथम दृष्टया सही है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पांच मार्च 2025 को दो वाद में संशोधन की अनुमति दी थी तथा याचिकाकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय और एएसआई को प्रतिवादी बनाने की अनुमति दी थी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि वाद में संशोधन की अनुमति देने में प्रथम दृष्टया कुछ भी गलत नहीं है और संशोधित वाद पर जवाब दाखिल किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''एक बात तो स्पष्ट है। हिंदू वादियों द्वारा मूल शिकायत (दो वाद) में संशोधन की अनुमति दी जानी चाहिए थी।'' पीठ ने हालांकि मथुरा की शाही




मस्जिद ईदगाह न्यास प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई टाल दी और इसे इसी मामले से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ संबद्ध कर दिया।

मस्जिद समिति ने 'देवता भगवान श्री कृष्ण लला विराजमान का अदालत में प्रतिनिधित्व करने के लिए नियुक्त व्यक्ति' और 'देवस्थान श्री कृष्ण जन्मभूमि' तथा हरि शंकर जैन सहित नौ अन्य को पक्षकार बनाया है।

मस्जिद समिति ने कहा कि संशोधन ने उन हिंदू वादियों द्वारा दायर मूल वाद के स्वरूप को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिन्होंने शाही मस्जिद ईदगाह के स्थल पर अधिकार का दावा करते हुए इसे भगवान श्री कृष्ण का जन्मस्थान बताया था।

## उत्तर प्रदेश : केंद्र सरकार के निर्देश पर पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश आए पाकिस्तानी नागरिकों को पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर देश से बाहर कर दिया गया है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और पल-पल निगरानी का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर, प्रदेश में रह रहे लगभग सभी पाकिस्तानी नागरिकों को बाहर कर दिया गया है। बयान के अनुसार अंतिम एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी द्वारा लगातार उस पर नजर रखी जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि कोई भी पाकिस्तानी



नागरिक निर्धारित समयसीमा से अधिक समय देश में न रहे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिलों में अल्पकालिक वीजा पर रह रहे लगभग सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि एलटीवी (दीर्घकालिक वीजा) के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि जो पाकिस्तानी नागरिक जिले में एलटीवी पर हैं, वे ही यहां रह सकेंगे।

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार के निर्देश के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करने के साथ उन्हें उनके देश रवाना किया जाए।

इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये थे कि पाकिस्तानी नागरिक वापस अपने देश ही जाएं, इसके लिए उनके साथ पुलिस दल को भेजा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने वतन लौट गये हैं। योगी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी 75 जिलों को अलर्ट करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार के हवाले से बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हे वापस भेजने की व्यवस्था की गयी।

डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों की वतन वापसी को पुख्ता करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भी भेजा गया। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है,

## "जियो गीता" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को समाजसेवी वेद टंडन ने आमंत्रित किया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की तरफ से डॉ वेद टंडन, मोहन गोयल जी व अशोक जी ने आज दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी से उनके निवास पर भेंट कर उन्हें आगामी 15 मई को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रम के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

इस कार्यक्रम में श्री कृष्ण कृपा परिवार एवं जीओ गीता की तरफ से राधा जागरण व श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव मनाया जा रहा है इस दिन गुरुदेव स्वामी ज्ञाननंद महाराज जी का अवतरण दिवस भी है इस अवसर पर प्रमुख संतों का आशीर्वचन भी होगा। यह कार्यक्रम 15 मई 2025 को लेजर वैली पार्क सेक्टर 29 गुरुग्राम में 7:00 से 11:00 बजे तक होगा

## चीन ने पहलगाम हमले की 'शीघ्र और निष्पक्ष जांच' का आह्वान किया, पाक की संप्रभुता का समर्थन किया

**बीजिंग,** (भाषा) चीन ने सोमवार को कहा कि वह भारत एवं पाकिस्तान के बीच वर्तमान स्थिति को सामान्य करने के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले की ''त्वरित एवं निष्पक्ष जांच'' समेत सभी उपायों का स्वागत करता है। हालांकि उसने अपने सदाबहार मित्र देश पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा हितों की रक्षा करने में उसका समर्थन किया।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, ''चीन मौजूदा स्थिति को शांत करने में मददगार सभी उपायों का स्वागत करता है तथा शीघ्र ही निष्पक्ष एवं न्यायसंगत जांच का समर्थन करता है।''

हालांकि, उन्होंने इस सवाल का सीधा जवाब देने से परहेज किया कि क्या चीन इस जांच में हिस्सा लेगा जैसा कि रूसी मीडिया ने खबर दी कि पाकिस्तान चाहता है कि चीन और रूस पहलगाम हमले की जांच का हिस्सा बनें। उन्होंने किसी भी जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में पूछे गए एक अन्य प्रश्न को भी टाल दिया, क्योंकि पाकिस्तान पर जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने के आरोप हैं।

गुओ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों का पड़ोसी होने के नाते चीन को उम्मीद है कि दोनों देश



संयम बरतेंगे एवं एक ही दिशा में काम करेंगे, प्रासंगिक मतभेदों को बातचीत के माध्यम से उचित तरीके से सुलझाएंगे तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाये रखेंगे।

उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही दक्षिण एशिया के महत्वपूर्ण देश हैं तथा इन दोनों देशों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व क्षेत्र की शांति और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

चीन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की 23 अप्रैल को ''कड़ी निंदा'' की थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

लेकिन भारत एवं पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर उसकी पहली प्रतिक्रिया तब आयी जब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को चीन के शीर्ष राजनयिक वांग यी से बातचीत की एवं चीन का समर्थन मांगा।

सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' की खबर है कि वांग ने अनुरोध करने पर डार के साथ फोन पर बातचीत की थी।

सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के हवाले से खबर दी कि डार ने वांग (जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी हैं) को ''कश्मीर क्षेत्र में आतंकवादी हमले के बाद'' पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़े तनाव के बारे में जानकारी दी।

वांग ने इस बातचीत के दौरान कहा कि चीन इस घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद से मुकाबला करना पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान के प्रयासों के प्रति चीन के निरंतर समर्थन की पुष्टि की।

वांग के हवाले से इस खबर में कहा गया, ''एक मजबूत मित्र एवं सदाबहार रणनीतिक सहयोगी के रूप में चीन सुरक्षा को लेकर पाकिस्तान की जायज चिंताओं को पूरी तरह समझता है तथा पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा हितों की रक्षा करने में उसका समर्थन करता है।''

## 'भड़काऊ' पोस्ट के आरोप में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज

**लखनऊ,** (भाषा) लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ राजद्रोह समेत कई गंभीर धाराओं में लखनऊ के हजरतगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बीच राठौर ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार उन पर प्राथमिकी दर्ज करवाकर असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है और कहा कि अगर सवाल पूछना "बगावत" है तो वह "बागी" हैं।

राठौर के खिलाफ दर्ज शिकायत में कहा गया है कि पिछले सप्ताह हुए पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर एक विशेष धर्म समुदाय को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर उनकी भड़काऊ पोस्ट देश की एकता को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी कवि अभय प्रताप सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई है।

## आचार्य अनमोल की दो पुस्तकों रोटी की महिमा एवं विद्या की महिमा का लोकार्पण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

पुस्तक लोकार्पण संपन्न दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन के द्वारा आचार्य अनमोल की दो पुस्तकों रोटी की महिमा एवं विद्या की महिमा का लोकार्पण हिंदी भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उनके द्वारा एनसीसी में 35 वर्ष उत्कृष्ट सेवा देने के लिए एनसीसी डायरेक्टरेट की संस्तुति पर राष्ट्रपति महोदय के द्वारा लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान करने के लिए उनका अभिनंदन भी किया गया। लोकार्पण समारोह में मंच पर सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि और कवयित्री उपस्थित रहे। आयोजन की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शायर देवेंद्र मांझी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवयित्री डॉ० कीर्ति काले उपस्थित रहीं। सम्मानित अतिथि के



रूप में प्रसिद्ध ओज कवि गजेंद्र सोलंकी रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध कवि ओंकार त्रिपाठी ने विमोचित पुस्तकों पर अपने उद्गार व्यक्त किए। इस अवसर पर आचार्य अनमोल ने आमंत्रित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही विषय पर पुस्तक लिखना किंचित कठिन कार्य रहा है, गुरुओं के आशीर्वाद से यह कार्य भी यथासंभव पूरा करने का प्रयास किया है। आशा है ये दोनों पुस्तकें विषय, भाव और छंद के आधार पर पाठकों को रुचिकर लगेंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रो० रवि शर्मा 'मधुप' ने बड़ी संयम शैली व कुशलता के साथ किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपने मधुर कंठ से कविताओं की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा सभागार तालियों से गूँजता रहा। कार्यक्रम के समापन पर महामंत्री प्रो० हरीश अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा ने आचार्य मूल के व्यक्तित्व एवं कविताओं की पूरी-पूरी प्रशंसा की तथा सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद किया>






## जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ चुनाव में वामपंथियों का दबदबा बरकरार; एबीवीपी ने संयुक्त सचिव पद जीता

नयी दिल्ली, (भाषा) जवाहर लाल नेहरू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) चुनाव में वामपंथी उम्मीदवारों ने केंद्रीय पैनल के चार पद में से तीन पर जीत हासिल कर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अपना दबदबा बरकरार रखा, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने संयुक्त सचिव पद जीता। एबीवीपी ने नौ साल के अंतराल के बाद कोई पद जीता है।

जेएनयूएसयू निर्वाचन आयोग द्वारा रविवार आधी रात के बाद घोषित किए गए परिणाम के अनुसार 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) के नीतीश कुमार ने 1,702 वोट हासिल कर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी एबीवीपी की शिखा स्वराज को 1,430 वोट मिले, जबकि 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) समर्थित तैयब्बा अहमद को 918 वोट मिले।

'डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन' (डीएसएफ) की मनीषा ने 1,150 वोट हासिल कर उपाध्यक्ष पद जीता, जबकि एबीवीपी के निट्टू गौतम को 1,116 वोट मिले। डीएसएफ की मुन्तेहा फातिमा ने 1,520 वोट हासिल कर महासचिव पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी के कुणाल राय को 1,406 से संतोष करना पड़ा।

संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी के वैभव मीणा ने 1,518 वोट हासिल कर जीत प्राप्त की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी आइसा के नरेश कुमार 1,433



और 'प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (पीएसए) की उम्मीदवार निगम कुमारी को 1,256 वोट को मिले।

मीणा की जीत से एबीवीपी ने पहली बार केंद्रीय पैनल में जगह बनाई है। इससे पहले 2015-16 में सौरव शर्मा ने इसी पद पर जीत हासिल की थी। एबीवीपी ने 2000-01 में अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की थी, जब संदीप महापात्रा विजयी हुए थे। इस बार के चुनाव में आइसा ने डीएसएफ के साथ गठबंधन किया था जबकि एसएफआई और 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन' (एआईएसएफ) ने 'बिरसा आंबेडकर फुले स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (बीएपीएसए) और पीएसए के साथ गठबंधन किया।

एबीवीपी ने अकेले चुनाव लड़ा। जेएनयूएसयू चुनाव के लिए 25 अप्रैल को 7,906 पात्र विद्यार्थियों में से 5,500 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार का मतदान प्रतिशत 2023 में दर्ज 73 प्रतिशत से थोड़ा कम था, फिर भी यह 2012 के बाद से सबसे अधिक रहा।

चार केंद्रीय पैनल पदों के लिए 29 उम्मीदवार तथा 44 काउंसलर सीट के लिए 200 उम्मीदवार मैदान में थे। केंद्रीय पैनल के तीन पदों पर अपने गठबंधन की जीत की प्रशंसा करते हुए आइसा ने संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी को मामूली अंतर से मिली जीत पर भी चिंता जताई और इसे परिसर में वामपंथ के प्रभुत्व के लिए चुनौती बताया।

आइसा ने एक बयान में कहा, ''यह वाकई चिंता की बात है कि एबीवीपी ने संयुक्त सचिव पद पर 85 मतों के अंतर से जीत हासिल की है। प्रवेश प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और ढांचागत व्यवस्था पर हमला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि संकाय पदों पर भाजपा के वफादार लोग सत्तारूढ़ सरकार के लिए परिसर में माध्यम के रूप में काम करें, इसके बावजूद जेएनयूएसयू में वामपंथी उम्मीदवारों ने अपना दबदबा बनाया।''

इसने गठबंधन की जीत को सरकार की नयी शिक्षा नीति के खिलाफ जनादेश बताया और कहा कि शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया गया तथा हाशिए पर पड़े समूहों के साथ भेदभाव किया गया।

उधर, एबीवीपी ने अपनी जीत को ''जेएनयू के राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक बदलाव'' बताया और कहा कि उसने वामपंथियों के ''तथाकथित गढ़'' में सेंध लगाई।

एबीवीपी ने एक बयान में कहा, ''जेएनयू में यह जीत न केवल एबीवीपी की कड़ी मेहनत और छात्रों की राष्ट्रवादी सोच के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि यह उन सभी छात्रों की भी जीत है जो शिक्षा को राष्ट्र-निर्माण की नींव मानते हैं। यह जेएनयू में वर्षों से वामपंथियों द्वारा स्थापित तथाकथित वैचारिक अत्याचार के खिलाफ एक लोकतांत्रिक क्रांति है।''

नवनिर्वाचित संयुक्त सचिव मीणा ने कहा, ''मैं इस जीत को अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि या फायदे के रूप में नहीं देख रहा हूं, बल्कि यह आदिवासी चेतना और राष्ट्रवादी विचारधारा की एक बड़ी और महत्वपूर्ण जीत है, जिसे वामपंथियों ने वर्षों से दबा रखा था।'' उन्होंने कहा, ''यह जीत उन विद्यार्थियों की सफलता का प्रतीक है जो सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्र पुनर्निर्माण की भावना को पूरे दिल से कायम रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं।''


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।